हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 10 जनवरी 2024



# चुनावी साल में जमीन कारोबार रहा ठंडा, खैरागढ़-नांदगांव में कम, एमएससी जिले में टूटा रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चुनावी साल में जमीन कारोबार के ठंडा होने का असर पंजीयक कार्यालय के सालाना टारगेट पर दिखाई दे रहा है। पिछले साल की तुलना में जहां खैरागढ़ और राजनांदगांव जिले में कम रजिस्ट्री हुई है। वहीं मोहला-मानपुर-चौकी जिले में कारोबारियों ने अच्छी खासी रजिस्ट्री कराई है। पंजीयक कार्यालय ने अभी तक 51 फीसदी लक्ष्य पूरा किया है। ऐसा माना जा रहा है कि चुनाव की आचार संहिता के करीब दो माह तक लागू होने के कारण ऐसी स्थिति निर्मित हुई है।

राज्य शासन ने इस वित्तीय वर्ष में पंजीयक कार्यालय को 109 करोड़ का लक्ष्य दिया है। नौ माह में 51 फीसदी ही लक्ष्य पूरा हो पाया है। आंकड़ों की माने तो खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले को 23 करोड़ 10 लाख रुपए का लक्ष्य दिया गया था। जिसमें अभी तक दस करोड़ रुपए का राजस्व वसूल हुआ है। वहीं राजनांदगांव जिले को 79 करोड़ 10 लाख के वार्षिक टारगेट में 49 करोड़ रुपए मिले हैं। यहां वित्तीय वर्ष का 49 फीसदी ही राजस्व अर्जित किया गया है। इधर मोहला-मानपुर-चौकी जिले में चार करोड़ अस्सी लाख का टारगेट दिया गया था। जिसमें से अभी तक दो करोड़ 14 लाख रुपए पंजीयन शुल्क के तौर पर मिल गए हैं। यह लक्ष्य के 44 फीसदी राजस्व वसूल हुआ है।

## जारी वित्तीय वर्ष में पंजीयक कार्यालय को 109 करोड़ का मिला लक्ष्य

### वनांचल पर दमका कारोबार

पिछले डेढ़ साल पहले राजनांदगांव जिले से टूटकर केसीजी और एमएमसी जिले बने थे। पिछले साल जमीन कारोबारियों ने केसीजी जिले में अच्छा खासा रूझान दिखाया था, लेकिन इस बार नौ माह के भीतर जो आंकड़े सामने आए हैं, उसमें मोहला-मानपुर-चौकी जिले में रिकार्ड रजिस्ट्रियां हुई है। ऐसा माना जा रहा है कि जमीन कारोबारियों ने आदिवासियों के नाम से काफी जमीन खरीदी है।



### आचार संहिता का असर

विधानसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के करीब दो माह तक लागू होने के दौरान लगातार जांच पड़ताल चल रही थी। प्रशासन द्वारा लगातार कैश भी जब्त किया जा रहा था। यही कारण है कि इस बार जमीन कारोबार बेहद ठंडा रहा। मार्च माह में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता भी लागू होनी है। टारगेट को पूरा करने में पंजीयक कार्यालय के पास सिर्फ दो माह का समय ही शेष है।

### 1711 रजिस्ट्री कम

अविभाजित राजनांदगांव जिले में पिछले साल की तुलना में अभी तक 1711 रजिस्ट्री कम हुई है। पिछले साल अकेले खैरागढ़ जिले में 4484 दस्तावेज जमा हुए थे। इस बार 3986 दस्तावेजों का ही पंजीयन हुआ है। वही हाल राजनांदगांव जिले का है, जहां पिछले साल 10 हजार 775 दस्तावेज मिले थे। इस बार 9562 दस्तावेजों की रजिस्ट्री हुई है। मोहला-मानपुर-चौकी जिले में ही पिछले साल की तुलना में 163 ज्यादा दस्तावेज पंजीकृत हुए हैं।

### टारगेट पूरा कर लेंगे

शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में काम हो रहा है। अभी हमारे पास तीन माह शेष है। इस दौरान लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

- प्रियंका श्रीरंगे
जिला पंजीयक

### बाल क्रीड़ा का समापन आज

**छुरिया।** संकुल साल्हेटोला अंतर्गत जोन स्तरीय शालेय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन ग्राम कल्लूटोला ग्राम पंचायत धरमूटोला में कल बुधवार को होगा। समापन समारोह सांसद संतोष पांडे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा। दो दिवसीय इस बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में 6 संकुलों साल्हेटोला, छुरिया 1, 2, बूचाटोला, बम्हनीचारभांठा, बखरूटोला के शालाओं के बच्चे प्रतिभागी के रूप में हिस्सा ले रहे हैं। इसके पूर्व बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के करकमलों से संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक एवं माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राएं दौड़, कबड्डी, खो-खो, बोरा दौड़, रिलेरेस, रस्सी छलांग सहित विभिन्न खेलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन ग्राम कल्लूटोला के ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न किया जा रहा है।

### सत्संग प्रवचन आज से

**राजनांदगांव।** मुसराकला समीपस्थ ग्राम पेंडरी के कबीर मंदिर-आश्रम में दो दिवसीय सदगुरू कबीर साहेब के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने परम पूज्य संतश्री प्रभाकर साहेब कोटा राजस्थान से अपने संत मंडली के साथ 10 एवं 11 जनवरी को पधारकर सत्संग प्रवचन के माध्यम से कबीर वाणी के विचारों को रखेंगे। ग्राम पेंडरी कबीर पंथाचार्य पंथ श्री 1008 हजूर अर्धनाम साहेब के पावन जन्मभूमि ग्राम है। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजनकर्ता भक्त गनेशराम साहू हैं। उक्त जानकारी सदगुरु कबीर आश्रम पेंडरी के अध्यक्ष फलेश कुमार साहू ने दी है।

### सत्ता परिवर्तन के बाद स्टेडियम कमेटी की पहली बैठक में गहमा-गहमी

# लाइट चोरी होने पर भड़के भाजपाई, फंड जुटाने के साथ समिति गठन की भी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद पहली बार आहूत दिग्विजय स्टेडियम कमेटी की बैठक में भाजपाईयों ने स्टेडियम परिसर की जर्जर हालत पर जमकर सवाल दागे। वहीं सुरक्षा के अभाव में लाईट की चोरी होने के मामले को लेकर नाराजगी भी जाहिर की गई। भाजपाईयों ने साफ तौर पर कहा कि स्टेडियम समिति का पुनः गठन किया जाए और फंड जुटाने के लिए भी एक कार्ययोजना तैयार की जाए। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आश्वस्त किया है कि स्टेडियम के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में हरसंभव पहल की जाएगी।

महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृत अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजित की गई दिग्विजय स्टेडियम कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर संजय अग्रवाल ने की। वहीं बैठक में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आयोजन को लेकर सुझाव दिए। स्टेडियम कमेटी की इस बैठक में शामिल हुए भाजपा नेताओं ने स्टेडियम की दुर्दशा को लेकर जमकर सवाल उठाए। पूर्व महापौर अजीत जैन ने कहा कि पिछले पांच सालों में स्टेडियम जर्जर हो चुका है। वहीं भाजपा नेता राधेश्याम गुप्ता ने परिसर में लगी लाईट के चोरी होने का मामला उठाया। उन्होंने यह भी कहा कि जब लाईट चोरी हुई तो स्टेडियम कमेटी ने आज पर्यन्त तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं कराई? उन्होंने स्टेडियम कमेटी के पुनः गठन की भी मांग की। इधर भाजपा नेता शिव वर्मा ने पीडब्ल्यूडी विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए। स्टेडियम कमेटी से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि फंड नहीं होने के कारण चौकीदार की नियुक्ति नहीं की जा रही है। वरिष्ठ पत्रकार सुशील कोठारी ने स्टेडियम के जनरेटर के कई पार्ट्स के गायब होने पर नाराजगी जाहिर की। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार द्वारा स्टेडियम को लेकर की गई अधूरी घोषणा पर भी जमकर सवाल खड़े किए।




### स्टेडियम को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने हो काम

बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश एच.लाल ने कहा कि स्टेडियम के संरक्षण और संवर्धन के लिए जरूरी है कि इसे आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जाए। उन्होंने कहा कि तात्कालीक व्यवस्था के लिए राजगामी संपदा से राशि ली जा सकती है, लेकिन जब तक यहां कार्यालय और काफी हाउस जैसी संस्थाओं को किराये पर नहीं दिया जाता, तब तक ऐसी दिक्कतें हमेशा बनी रहेगी।

### बिना बुलाए पहुंचे लोग

बैठक के दौरान मापदंड का किसी भी तरह से पालन नहीं किया गया, हालत यह थे कि बिना बुलाए भी कई लोग बैठक में पहुंच गए थे। इन लोगों द्वारा ही बैठक में विषय के विपरीत चर्चा भी की गई, जिससे कई दफा बैठक में हल्ला मच गया। प्रशासन द्वारा बैठक में प्रोटोकॉल की इस अनदेखी की भी चर्चा होती रही।

### बैठक से दूर कांग्रेसी

सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस नेताओं ने स्टेडियम कमेटी की बैठक से दूरी रखी। जिले के कांग्रेस विधायक बैठक में नहीं पहुंचे। वहीं शहर की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख और राजगामी संपदा के अध्यक्ष विवेक वासनिक ने भी बैठक में उपस्थित नहीं रहे।

### पुरस्कार राशि बढ़ेगी

हॉकी के नेशनल टूर्नामेंट में पुरस्कार की राशि को बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने कहा कि अभी तक प्रथम और द्वितीय विजेता टीमों को पुरस्कृत किया जाता रहा है। उन्होंने मांग की कि स्पर्धा में तीसरे पायदान पर रहने वाली टीम को भी पुरस्कृत किया जाए। उसके लिए इनामी राशि उनकी ओर से प्रदत्त की जाएगी।

### स्टेडियम में मनेगा राष्ट्रीय पर्व

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन स्टेडियम परिसर में ही किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि इस स्टेडियम के पुर्ननिर्माण के पहले यहां आयोजन होते रहे हैं और अब जब यह तैयार हो गया है, तब यहां पुनः यह आयोजन शुरू किए जाएंगे। बैठक में आगामी 28 जनवरी से अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किए जाने का निर्णय लिया गया। वहीं आगामी 22 जनवरी को दिग्विजय स्टेडियम में पांच लाख दीप प्रज्जवलन के प्रस्ताव पर भी सहमति जाहिर की गई।

## कार से दुर्घटना कर मृतक को घसीटा, चालक गिरफ्तार

**गंडई पंडरिया।** कार चालक ने युवक को एक्सीडेंट कर उसे लगभग 8 सौ मीटर तक घसीटते ले गया था। बीते कुछ दिनों पहले गंडई में दिल-दहला देने वाली घटना घटित हुई थी। घटना को अंजाम देने वाला मौके से फरार हो गया था। इस मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

गंडई के रेस्ट हाउस के पास कार ने एक 35 वर्षीय व्यक्ति को अपनी चपेट में ले लिया था और लगभग 8 सौ मीटर कार के नीचे घसीटते कवर्धा रोड़ पर स्थित प्रवेश द्वार पर ले जाकर कार को रिवर्स कर लाश को क्षत-विक्षत हालत में वहीं छोड़कर भाग निकला था। घटना 5 जनवरी की है। अप्रत्याशित घटना के बाद पुलिस लगातार कार और कार चालक की तलाश कर रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ और क्षेत्र में लगे सभी कैमरे को खंगाल रही थी। चूंकि घटना शाम की थी, इसलिए सीसीटीवी में कार तो दिख रहा था, पर अत्याधिक स्पीड और अंधेरा हो जाने की वजह से कार का नंबर स्पष्ट नहीं दिख रहा था। जिसके बाद पुलिस गंडई से लेकर खैरागढ़ के बीच में लगे सभी निजी सीसीटीवी कैमरे को चेक करने में जुट गई। अंततः खैरागढ़ से पहले उस कार का नंबर स्पष्ट दिखा और पुलिस कार के नंबर के आधार पर कार मालिक के घर जा पहुंची।

थाना एवं सायबर सेल जिला केसीजी का संयुक्त टीम तैयार कर सफेद रंग के अज्ञात कार एवं आरोपी की पतासाजी के लिए नगर गंडई से छुईखदान-खैरागढ़ एवं गंडई से लिमो बिरोडा सहसपुर लोहार के बीच 50 किमी की दूरी तक लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। जिसके फुटेज के आधार पर बेलिनो कार क्र. सीजी-09-जेसी-4777 द्वारा घटना दिनांक को रेस्ट हाउस गंडई के पास एक्सीडेंट कर मृतक के डेड बाडी को घसीटते ले जाना दिखाई देने पर कार के नंबर के आधार पर कार मालिक, चालक का पता किया गया। जिसमें सुरेश कोचर पिता स्व. दीपचंद कोचर 73 साल निवासी वार्ड क्र. 23 महावीर चौक कबीरधाम का होना पाए जाने से उसके निवास स्थान में जाकर घेराबंदी कर आरोपी कार चालक सुरेश कोचर पिता स्व. दीपचंद कोचर 73 साल को उसकी कार के साथ पकड़कर पूछताछ किया गया। जिसके द्वारा घटना दिनांक को उसकी कार से एक्सीडेंट होना स्वीकार किया गया एवं घटना में शामिल कार का सीन ऑफ क्राईम यूनिट दुर्ग के डॉ. मोहन पटेल से परीक्षण कराकर कार को जब्त किया गया। जुर्म अजमानतीय होने से ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

# घर में छान रहे थे नड्डा कढ़ाई से तेल छलका पांच महिलाएं झुलसी

### एक महिला को रायपुर किया रिफर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव के एक घर में नड्डा छानते समय कढ़ाई से गर्म तेल छलक गया। जिससे पांच महिलाएं बुरी तरह तेल से झुलस गई, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज लाया गया। जिसमें एक महिला को रायपुर चिकित्सालय के लिए रिफर किया गया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम संबलपुर के एक घर के भट्ठी में नड्डा तलने के लिए पांच महिलाएं काम कर रही थी। इसी वक्त अचानक कढ़ाई से गर्म तेल छलक गया और घर के फर्श में फैल गया। जिससे यहां काम कर रही पांच महिलाएं गर्म तेल की चपेट में आकर झुलस गई।

**गांव में मचा हड़कंप**

इधर उक्त घटना की खबर से गांव में आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया था। घटना की सूचना पर लालबाग पुलिस भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार गांव में खपरैल वाले घर में भट्ठी बनाकर नड्डा तलने का कार्य किया जा रहा था। इस दौरान कढ़ाई से तेल छलकने की वजह से उक्त घटना हुई। बताया गया कि नड्डा तलकर उसे बाजार में बेचने का कार्य किया जाता है।

### तीन उपचार के लिए भर्ती, एक महिला डिस्चार्ज

बताया गया घटना में मनीषा साहू, छोटी यादव, प्रेमिन यादव, परमेश्वरी यादव, नम्रता साहू गर्म तेल से झुलस गई, जिन्हें उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री लाया गया, जहां से गंभीर अवस्था में मनीषा साहू को उपचार हेतु रायपुर चिकित्सालय रिफर किया गया है। पुलिस के अनुसार मेडिकल कॉलेज में छोटी यादव, प्रेमिन यादव, परमेश्वरी यादव उपचार हेतु भर्ती है। नम्रता साहू को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है।

**हिंदू युवा मंच ने उठाई आवाज**

## धार्मिक स्थल में नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने मांग

**सड़क अतरिया।** हिन्दू युवा मंच जिला इकाई के सदस्यों ने मंगलवार को पुलिस अधिक्षक के नाम आवेदन सौंपकर धार्मिक स्थल नर्मदा में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर रोक लगाने की मांग की। मंच के सदस्यों ने बताया कि नर्मदा क्षेत्रवासियों के आस्था का केन्द्र है। पूरे वर्षभर यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। बीते कुछ माह से शाम होते ही मंदिर के आसपास असामाजिक तत्वों द्वारा डेरा लगा रहता है। मंदिर के समीप ही अवैध रुप से शराब गांजा की बिक्री किया जा रहा है। जिससे गांव का माहौल खराब हो रहा है। नाबालिग स्कूली छात्र भी इसके गिरफ्त में आ रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री सुबह से होने लगता है। वहीं दिनभर नशेडियों का आवाजाही बना रहता है। मंच के लोगों ने नशीले पदार्थों पर रोक लगाने की मांग किया है।

## स्टेयरिंग छोड़ कानून के खिलाफ ड्राइवरों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हिट एंड रन कानून के विरोध में मंगलवार से छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का आगाज कर दिया है। हालांकि पहले दिन सिर्फ ट्रक चालको ने ही इस हड़ताल प्रदर्शन में अपनी सहभागिता दिखाई, कल से बस और अन्य चालक के भी इस प्रदर्शन में शामिल होने की बातें कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा हिट एंड रन कानून में किए गए बदलाव के खिलाफ प्रदर्शन से पहले ही वाहन चालकों ने कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपकर 9 जनवरी से काले कानून को वापस नहीं लिए जाने तक अपनी मर्जी से स्टेरिंग छोड़ कर विरोध जताने की बात कही थी। ड्राइवरों द्वारा किए जा रहे इस आंदोलन के कारण जिले में एक बार फिर परिवहन व्यवस्था के ठप होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। ट्रक मालिक और चालकों ने पिछले दिनों आंदोलन का आगाज कर देशभर में प्रदर्शन किया था। जिसके कारण परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। पेट्रोल और डीजल पंप से लेकर फल, सब्जियों और राशन के ट्रकों की आवाजाही के बंद होने के चलते जनजीवन बुरी तरह प्रभावित भी हुआ था। इस बीच केंद्र सरकार के आश्वासन के बाद यह आंदोलन समाप्त किया गया था।



### कानून को बताया तानाशाही

इस कानून के तहत वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर ड्राइवर को दस वर्ष के कारावास और 5 लाख रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। ड्राइवरों का कहना है कि कोई भी वाहन चालक किसी के साथ जानबूझकर दुर्घटना नहीं करता है, यह महज एक हादसा होता है, लेकिन ऐसे में सरकार द्वारा ड्राइवर के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया जाना न्यायोचित न होकर तानाशाही है।

# हंगामे के बाद प्राचार्य ने वापस ली शिकायत

- भाजपा मण्डल में हुई नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

रानी सूर्यमुख देवी कॉलेज के विद्यार्थी के खिलाफ थाने में हुई शिकायत पर एबीवीपी के हंगामें के बाद दूसरे दिन प्राचार्य ने अपनी शिकायत वापस ले ली है। देर रात तक कॉलेज मे हुई हंगामें को लेकर भाजपा मण्डल स्तर के नेताओं के साथ एबीवीपी के पदाधिकारियों से आपसी तालमेल को लेकर काफी नोकझोंक भी हुई है। इस घटनाक्रम को लेकर लोगो में काफी तीखी प्रतिक्रिया भी देखी गई है।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय में बीए फाइनल में अध्ययनरत छात्र गिरधारी साहू कॉलेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर एबीवीपी के जिला संगठन के संजय सिंग, दिग्विजय मिश्रा, जितेन्द्र वर्मा के साथ मिलकर कॉलेज के प्राचार्य से मिले थे। जहां उन्होंने अपने संगठन से जुड़े हुए कुछ छात्रों से कॉलेज की समस्याओं को लेकर चर्चा की। बताया जाता है कि एक छात्र ने कालेज में व्याप्त समस्याओं को लेकर संगठन के पदाधिकारियों को जानकारी दी थी। इससे नाराज होकर प्राचार्य सुषमा चैरे ने उक्त विद्यार्थी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करा दी थी। जिसको लेकर एबीवीपी ने कॉलेज में पहुंचकर हंगामा मचाया था। विवाद बढ़ता देख प्राचार्य ने कॉलेज में पुलिस बुलाई। पुलिस देख एबीवीपी के पदाधिकारियों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुलिस से भी उलझ पड़े और कॉलेज परिसर के सामने ही धरना पर बैठ गये।



**थाना पहुंची प्राचार्य :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के हंगामें के बाद विवाद गहराता देख रानीसूर्यमुखी महाविद्यालय की प्राचार्य सुषमा चैरे ने दूसरे दिन थाने पहुंच विद्यार्थी गिरधारी साहू के खिलाफ अपनी को वापस ले ली है । जिसके बाद से मामला सुलझता नजर आ रहा है।

### आधी रात पहुंचे तहसीलदार

मामला बढ़ता देख रात को तहसीलदार विजय कोठारी ने भी उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया उसके बाद भी वे प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही को लेकर अड़े रहे। छात्रो का कहना था कि जब तक प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही नहीं होती तब तक वे अपने आदोंलन को जारी रखेगें।

### भाजपा नेताओं से भी विवाद

इधर विवाद गहराता देख जिला भाजपा संगठन को इस मामले की खबर मिलते ही स्थानीय मण्डल स्तर के नेताओं को मामला सुलझाने के लिए कॉलेज परिसर भेजा गया। जिसमें जिला भाजपा महामंत्री, भाजपा मण्डल अध्यक्ष, भाजपा महामंत्री सहित तमाम मण्डल स्तर के पदाधिकारियों ने एबीवीपी के पदाधिकारियों से घटना के बारे में विस्तृत जानकारी मांगते हुए धरना प्रदर्शन समाप्त करने का आग्रह किया। यह सुनते ही एबीवीपी के पदाधिकारी आवेश में आकर मण्डल पदाधिकारियों के साथ वाद-विवाद करते नजर आए जिससे नाराज होकर मण्डल के पदाधिकारी भी लौट गए। यह सब देखकर वहां मौजूद प्रशासनिक अफसर भी हैरान और परेशान थे । अंततः आधी रात को जिला भाजपा महामंत्री के समझाईश के बाद मामला का पटाक्षेप हुआ।

बरडिया
ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगांव
☎ 07744-407161
हॉलमार्क
ज्वेलरी
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

,ff„f



## खबर संक्षेप

### जवानों को राम भक्तों ने दिया न्यौता

**डोंगरगढ़।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए राम भक्त घर-घर जाकर अक्षत व आमंत्रण पत्र के साथ न्यौता दे रहे हैं। । इसी क्रम में बस्ती क्रमांक 6 अंतर्गत आइटीबीपी कैंप में राम भक्तों ने जवानों को राम आमंत्रण दिया। इस अवसर पर अनुराधा शर्मा, अमन बृज नामदेव, प्रतिज्ञा व्यास, वंशिका कवर, जानकी महोबिया, आंचल ठाकुर, नर्मदा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



### बच्चों ने निकाला राम-सीता की झांकी

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने झांकी बनाकर शोभायात्रा निकाला। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरी। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वर निषाद, पूर्व प्रधानाचार्य वैशाली देशकर, सुशील यादव, अमिता जैन, उत्तम नागमोते, प्रीति वाला वैष्णव, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति मार्वे, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, योगेश्वरी निषाद, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी, धर्मेंद्र गोमास्ता आदि शामिल हुए।



### स्कूल में सुविधाएं नहीं

**डोंगरगढ़।** वनांचल के ग्राम खम्पुरा में संचालित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में आवश्यक सुविधाओं का आभाव है। प्राथमिक शाला में 29 बच्चों के लिए दो और माध्यमिक शलाा के 31 बच्चों के लिए 3 शिक्षक हैं। स्कूल में पेयजल को लेकर अव्यवस्था है। शौचालय भी देखरेख के अभाव में जर्जर हो गए है। पुराना बोरिंग अक्सर खराब रहता है । बच्चों को 100 मीटर दूर बोरिंग से पानी लाना पड़ रहा है। बाथरूम के दरवाजे की कुंडी के टूटे होने के कारण छात्र-छात्राओं को बाहर शौच के लिए जाना पड़ता है। इस संबंध में बीईओ मंगत मैडम ने बताया कि जल्द ही सुधार करवा कर छात्र-छात्राओं को पर्याप्त सुविधा मुहैया कराया जाएगा।



### दो साल से नहीं मिली छात्रवृत्ति

**डोंगरगढ़।** फार्म जमा करने के बाद अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को साल 2022-23 से छात्रवृत्ति नहीं मिली है। इस साल छात्रवृत्ति फॉर्म नहीं भरवाया जा रहा है। इस संबंध में पालिका के नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर छात्रवृत्ति दिलाने की मांग की गई है। मांग करने वालों में संतोष राव, तुलसी मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, पार्षद राजेश गजभिये, प्रिंस कक्कड़, रामकुमार डडसेना, अखिलेश गढ़वाल, मनीष चक्रवर्ती, पी वेंकट राव, धीरज शर्मा शामिल हैं।



### स्व. बघेल को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**डोंगरगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिता नंदकुमार बघेल का रविवार को निधन हो गया । कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने रविवार को सिविल लाइन निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री लोधी ने श्री बघेल के निधन से गहरा दुख व्यक्त किया है।

### योजनाओं का प्रचार



**बांधाबाजार।** पंचायत रंगकठेरा एवं हालमकोडो में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान आम जनों को आवास योजना, उज्जवला गैस योजना, हर घर नल योजना, किसान सम्मन निधि, आयुष्मान भारत योजना आदि की जानकारी देकर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव थे। अध्यक्षता सरपंच ह्यूमन सिंह चंद्रवंशी ने किया। कार्यक्रम में कन्हैयाराम नेताम, जनपद सीईओ श्रीमती रामटेके, गौरव शर्मा, संदीप मेश्राम, आत्माराम यादव, द्वारका प्रसाद सहारे, छन्नूलाल साहू, कुंवरसिंह, अर्जुनसिंह, नरसिंग, मुकेश सहारे, भगवतदास, जितेंद्र आदि मौजूद थे।

### वार्डों में स्वच्छता अभियान



**अंबागढ़ चौकी।** स्वच्छता सर्वेक्षण एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में विशेष स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया। पहले दिन स्थानीय बस स्थानक से स्वच्छता अभियान सीएमओ दिलीप कुमार यदु, उप यंत्री हरिशंकर वर्मा के मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने प्रारंभ किया। उन्होंने अंबेडकर चौक, गुप्ता चौक, लाल भीष्मदेव शाह चौक होते हुए मुख्य मार्ग में राजीवगांधी चौक तक स्वच्छता अभियान चलाया।

## विकसित भारत संकल्प शिविर का आयोजन, बड़ी संख्या में ग्रामीण हो रहे शामिल

# जानकारी के साथ योजनाओं का मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया





भारत सरकार की योजनाओं के प्रचार एवं जागरूकता लाने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मोबाईन वेन ग्राम पंचायत आयबांधा, साल्हे, भर्रीटोला, पैरी एवं केशोटोला पहुंची।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अमित कुमार शिविर में शामिल हुए। उन्होने कहा कि सभी योजनाएं जनता के लिये बनती है। मोबाईल वेन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को मिल रही है। जिन हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिला है वह आवेदन देकर लाभ जरूर लें। उन्होंने विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया। महिला एवं बाल विकास विभाग ने महिलाओं को सुपोषण कीट प्रदान किया गया। बच्चों का अन्न-प्रासन्न किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अतिथि हिरेन्द्र साहू, कैलाश शर्मा, किरण वैष्णव, चंद्रिका डड़सेना, दयालदास साहू, संजय सिन्हा, मीना पुजेरी, सीईओ एसके ओझा, कमलावती मरकाम आदि उपस्थित थे।

**अछोली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गत दिनों ग्राम पंचायत अछोली पहुंची। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामवासियों ने अपनी समस्या से अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच मनीषा नेताम थी। इस दौरान संजय साहू, राजू वर्मा, पूर्णिमा मांडवी, नंदकुमार साहू, मूलचंद साहू, एडिशनल सीईओ माखनलाल चंद्रवंशी, करारोपण अधिकार सी कुजूर, कमलेश जंघेल, महेंद्र श्रीवास्तव, नेहा सहारे, रमेश जगनायक, ओपी मंडलोई, तोशनदास पटेल, शिवेंद्र मिश्रा, भीषम ठाकुर, संप्रदा चौहान, डॉ आलोक कल्चुरी, एचएस रावत, एचके चंद्रेश्वर, डीआर रनाडे, सुनील शर्मा, संजय बोपचे, प्रशांत चंद्रवांशी, विजयवार, कल्पना धनकर, दीपक उके, कमलेश निर्मलकर, हिमाचल लिल्हारे, देवलाल पटेल, मनोरमा बघेल, महेश श्रीवास्तव, राजेंद्र ठाकुर, मोहनलाल साहू ललित साहू, नीरज राजपूत, मोनिका सुकतेल, रीता भादुड़ी, भानुमति साहू, सुनीता बंसोड़, शांति बंजारे, प्रीति नेताम, वैशाली बॉम्बडे, केके लिल्हारे, सरिता दुबे, संजय साहू, निर्मला निर्मलकर, दीपिका वर्मा, जया साहू, सूरज लाउतरी, माधव दास साहू, मुकेश वर्मा, अंजुना वर्मा, चंद्रेश पटेल आदि उपस्थित रहे।

### विकास का लिया संकल्प

**घुमका।** अटल बाजार में आयोजित कार्यक्रम में विकसित भारत का संकल्प सरपंच फूलमती वर्मा सहित ग्रामीणों ने लिया। शासन के आदेशानुसार महिला बाल विकास, अनुसूचित जाति कल्याण, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, शिक्षा, वन, खाद्य, राजस्व, कृषि, पंचायत एवं समाज कल्याण आदि विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी। योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित करने आवेदन लिया गया। इस मौके पर किसान सम्मान निधि से लाभान्वित मान दास वर्मा ने बताया कि उसे हर साल 6 हजार मिल रहे हैं। राधेश्याम वर्मा ने बताया कि आयुष्मान कार्ड से वह उन्होंने अपनी आंख का ऑपरेशन करवाया है। तेजकुमार ठाकुर ने पेयजल मिलने पर खुशी जताया। धनेश्वरी यादव ने मातृ वंदना योजना से लाभान्वित होने की जानकारी दी। इस मौके पर जनपद सदस्य दिलीप पटेल, सरपंच फूलमती वर्मा, शिक्षिका शीला सोनी, साधना पाटिल, प्राचार्य प्रशांत बंजारे, जय सिंह, रणजीत सिंह, नीरज श्रीवास्तव, एसआर रावटे, विमला शर्मा, बीएमओ डॉ विजय खोबरागड़े आदि उपस्थिति थे।

## इडली खाने को लेकर विवाद के बाद हत्या, आरोपी पहुंचे जेल

■ दो विधि से संघर्षरत बालक पहले ही गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

इडली खाने को लेकर हुए विवाद के हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि गत 19 अक्टूबर को रेल्वे स्टेशन रोड पर अन्ना इटली दुकान में आरोपी एवं आहत आदिल खान के बीच इडली खाने की विवाद हुआ था।

लड़ाई झगड़ा होने पर आहत आदिल खान अपने साथी मृतक अक्षय लारोकर, सोहेल रजक एवं अन्य साथियों को बुलाया, जिससे विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। आरोपियों ने एक राय होकर मृतक एंव आहत पर धारदार चाकू, मुक्का व ईट से मारपीट कर चोंट पहुचाकर हत्या कर दिया था।

प्रार्थी लारोकर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। इस मामले में 8 आरोपी एवं 2 विधि से संघर्षरत बालक को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था।

गत 7 जनवरी को तीन फरार आरोपी एवं एक विधि से संघरत बालक से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी अनिमेश मेश्राम पिता मदन लाल मेश्राम निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव, अविनाश राजपूत पिता स्व. रविन्द्र राजपूत निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव, आर्यन साहू पिता अनिल साहू निवासी स्टेशनपारा राजनांदगांव को न्यायालय में पेश किया जिन्हे जेल भेल दिया गया है।

## युवक-युवतियों ने दिया अपना परिचय



■ उल्लास से मनाया गया बहादुरिन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

छत्तीसगढ़ डड़सेना सिन्हा समाज का तहसील स्तरीय मां बहादुरिन जयंती, पारिवारिक मिलन समारोह तथा युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रविवार को दीवानझिटिया में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए। इस दौरान विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपना परिचय प्रस्तुत किया।

सिन्हा समाज के कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। गाजे बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर ग्राम का भ्रमण किया। इस बीच रथ पर सवार माता बहादुरिन की जगह जगह आरती उतारी गई। कलश यात्रा के बाद सामाजिक सम्मेलन प्रारंभ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विवाह योग्य युवक युवतियों ने अपना परिचय प्रस्तुत किया। परिजनों ने एक दूसरे से मुलाकात कर पुत्र- पुत्री के लिए जीवन साथी ढूंढने का प्रयास किया।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लुभाया

कार्यक्रम के बीच में गिरगांव, दीवानझिटिया सहित अन्य गांव के बालक बालिकाओं ने गीत, नृत्य आदि प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सदस्य जागृति यदु, राजेन्द्र जैन बंटू, संतोष यादव, योगेश पटेल, लोकेश यदु आदि ने समाजिकजनों को संबोधित किया। इस दौरान मंडलेश्वर भागवतराम सिन्हा, गोकुल सिन्हा, सीताराम सिन्हा, दीनू सिन्हा, शिवकुमार सिन्हा, सियाराम सिन्हा आदि ने भवन निर्माण की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन बालकृष्ण सिन्हा तथा राहुल सिन्हा ने किया। इस मौके पर देवजी सिन्हा, हरिचंद्र सिन्हा, निर्मला सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, रमेश सोनवानी, विजय सिन्हा, नरेश गजेन्द्र, हेमराय सिन्हा, सुंदरलाल सिन्हा, जितेन्द्र सिन्हा, हुमन सिन्हा, बिसौहाराम, जनक सिन्हा, सतानंद, संतराम, सेवाराम, राकेश सिन्हा, राधेलाल, बुद्धु सिन्हा, टीकू सिन्हा, केवल, गोपी, कोमल सिन्हा, दौलत, लिखन सिन्हा, दुर्गेश, बिरेन्द्र सिन्हा, सुकदेव, हेमूराम, भुवन, लोकेश, डोमन सिन्हा, देवसिंग, गौकरण, तोकराम, इंद्रकुमार, घनश्याम, डुमेश्वर, भागबली, भीखम, सेवक, कुंवर सिंग, सरीष कुमार, टाकेश्वर, यामिनी सिन्हा, मोहनी सिन्हा, लीला, तामेश्वरी, नेहा, विनीता सहित अन्य उपस्थित थे।

## जीने की कला सिखाती है रामायण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



भटगुना में गत दिनों दो दिवसीय रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन विधायक दलेश्वर साहू के आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि श्रीरामचरितमानस आर्ट ऑफ़ लिविंग है। यह जीवन जीने की कला है। इसमें परिवार और समाज के संबंधों का चरित्र है।

समाज के किसी असहाय और जरूरतमंद का सहयोग करना ही रामचरितमानस का सबसे बढ़िया अनुसरण है। सास अपनी बहू को बेटी मान ले और बहू सास को मां समझ ले यही रामचरितमानस सिखाता है। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा, जनपद सदस्य दीपिका साहू, अखिलेश नखत, मुरली निषाद, चेतन साहू, चंद्रशेखर साहू, चमन साहू आदि शामिल हुए। इस अवसर पर कक्षा 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र योगेश कुमार का विधायक ने मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। द्वितीय दिवस समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी थे। कार्यक्रम में मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, डीआर वैद्य, बिसेलाल यादव शामिल हुए। श्री गांधी ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के दिन दीपोत्सव मनाने एवं भजन कीर्तन करने का आह्वान किया।

### भेलवाकूदा और कचना मंडली विजेता

रामायण सम्मेलन में 16 मंडलियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में महर्षि मुक्त मानस मंडली भेलवाकूदा और महिला वर्ग में श्रद्धा महिला मानस मंडली कचना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में गुमानसिंह साहू, कमल नारायण साहू, सोमन साहू, संतोष साहू, केदार निषाद, गुलशन कोसरिया, रवि कोसरिया, आनंदराम साहू, बुधराम साहू, डॉ शोभित साहू, सूरज साहू आदि शामिल हुए। संचालन थैलेश साहू ने किया।

## बच्चों की प्रस्तुति से पालक गदगद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर



स्थानीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। प्राचार्य रेणुका देशमुख एवं शिक्षकों ने अतिथियो का स्वागत किया।

विधायक इंद्र शाह मंडावी ने विद्यार्थियों की शिक्षा की गुणवत्ता देखने के लिए प्रश्न पूछे जिनका जवाब बच्चों ने बखूबी दिया। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजू टांडिया ने शिक्षा का महत्व को बताते हुए समाज व परिवार की उन्नति के लिए शिक्षा को महत्वपूर्ण बताया। तत्पश्चात बच्चों ने नृत्य, गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया। अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर एसडीएम अमित योगीराज, डीईओ कमल कपूर बंजारे, डीएसपी शरद जसवाल, सीईओ हसन खान, बीईओ एआर कौर, जिपं सदस्य राधिका अंधारे, रेणुका टांडिया, मदन साहू, भोजेश शाह मंडावी, मनीष निर्मल, शमीम तिगाला आदि उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## शिक्षा गौरव से शेख आजम अलंकृत



**छुईखदान।** इस वर्ष का मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से नगर के शिक्षक शेख आजम को अलंकृत किए जाने से शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है।

श्री आजम के पिता मरहूम शेख अरमान भी शिक्षक थे। श्री आजम वर्तमान में अमलीपारा शासकीय स्कूल में सेवाएं दे रहे हैं। उन्हे उत्कृष्ट शिक्षा दूत गौरव अलंकरण के तहत मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकार से अलंकृत किया गया है।

जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम मेँ श्री आज़म को जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सम्मानित किया। उन्हे सम्मानित होने जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, अशरफ खान, शमसुल होदा खान, अरशद हुसैन, निजमुद्दीन खान, हाजी मोनू, अख्तर सोलंकी, इमरान खान, सरपंच हाजी कलाम, अज्जू भाई, जाविद भाई, मीरा खान, शेख समीर, सरवर अहमद, अफरीदी खान, सोहेल खान, लाला मिस्त्री, इसराइल सोलंकी, शोएब खान, अफजल खान, मुख़्तार खान, अफसर खान, जहिन खान, इमरान खान, मलिक खान आदि ने मुबारकबाद दिया है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल

उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : 9406004581
बिलासपुर : 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी, समापन कल

**राजनांदगांव।** सतनाम सांस्कृतिक भवन राजनांदगांव में आयोजित 7 दिवसीय कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का शुभारंभ 5 जनवरी को किया गया है। प्रदर्शनी में बुनकर संस्थाओं द्वारा उत्पादित वस्त्र, प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए रखा गया है। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण जांजगीर-चांपा एवं रायगढ़ में उत्पादित कोसा सिल्क साड़ियां, कोसा ड्रेस मटेरियल, शॉल, जैकेट, सलवार शूट, शर्टिंग आदि ग्राहकों को लुभा रहे हैं, जो विभिन्न आकर्षक डिजाईन में है। साथ ही दुर्ग एवं राजनांदगांव जिले के बुनकर सस्थाओं द्वारा उत्पादित कॉटन के वस्त्र बैडशीट, पिलोकव्हर, गमछा, दरी, शर्टिंग, टावेल, उलन चादर, नेपकीन आदि ग्राहक पसंद कर रहे हैं। कोसा एवं हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का आयोजन हाथकरघा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा किया जा रहा है, जो 11 जनवरी 2024 तक रहेगा।



### रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

**मानपुर।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाईस्कूल में गत दिनों वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। अध्यक्षता बुंदा वर्मा अध्यक्ष ग्राम भारती ने किया। कार्यक्रम में तिलक सिन्हा, राधिका अंधारे, रेणु टांडिया, हरीश लटिया, मदन साहू, भोजेश शाह, मयंक तिवारी, संगीता मिश्रा, सरिता वर्मा, विकास जैन, यशवंत पटेल आदि शामिल हुए। वार्षिक उत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति दी।



### बौद्ध महासभा समिति ने मनाया शौर्य दिवस

**डोंगरगढ़।** पंचशील बौद्ध महासभा समिति इंदिरा नगर के तत्वावधान में शौर्य दिवस एवं प्रथम महिला शिक्षिक सावित्री बाई फुले की जयंती मनाया गया। मुख्य अतिथि डॉ परमेश्वरी कुंभज टांडिया एवं वक्ता गांधी टांडिया, एचके आजाद, अमिताभ दुफारे, चंद्रिकापुरे, अनिल लांडगे, डां. मनोज गजभिये थे। डॉ टांडिया ने सावित्रीबाई फुले के जीवन से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण जानकारी दी। रत्नदीप चंद्रिकापुरे एवं हीरालाल टेंभुरकर ने प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। इस मौके पर संजु गजभिये ने भी अपने विचार रखे। अंत में संदीप मेश्राम ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान रीना गजभिये, रेखा राऊत, प्रतिमा मेश्राम, रेणु टेम्भुरकर, डॉ मनोज गजभिये, सरजी, दुर्गा टेम्भुरकर, मुकेश ढोके, राहुल राऊत, अनिल लांडगे आदि उपस्थित थे।



### कहीं हो रही आरती तो कहीं निकल रही प्रभातफेरी

**सड़क अतरिया।** अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को होने वाले राम लल्ला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर ग्रामीण क्षेत्र में उल्लास का माहौल बना हुआ है। गांव में अक्षत कलश पहुंचने के बाद रोज सुबह प्रभातफेरी निकाली जा रही है। मंदिरों में सामूहिक आरती किया जा रहा है। ग्राम पंड़रिया में रोज सुबह प्रभातफेरी में बच्चे एवं बुजुर्ग शामिल हो रहे है। इसी प्रकार गुमानपुर में गांव के महिलाएं- बालिकाएं दीप लेकर मंदिर पहुंच कर सामूहिक आरती करती है। गांवः गांव में राम समिति गठित कर 22 जनवरी को यादगार बनने की तैयारी की जा रही है। कलश यात्रा, रामायण पाठ, हनुमान चालीस, भजन कीर्तन, शोभा यात्रा, हवन पुजन आदि का आयोजन की रुपरेखा तैयार की जा रही है। मंदिरों को दीप एवं लाईटिंग से सजाया जाएगा। प्रतिमा स्थापना के दिन दीपावली मनाने की तैयारी है। घर आंगन में रंगोली दीपों से सजाकर पूजा अर्चना किया जाएगा।



### अमरनाथ साहू हुए सम्मानित

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा रायपुर में राज्य स्तरीय राजीव भक्ति माता जयंती के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री एवं पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ साहू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित अन्य निर्वाचित एवं पूर्व विधायक, सांसद शामिल हुए। उन्हे विधायक दलेश्वर साहू, संदीप साहू, प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, भुनेश्वर साहू, दयाराम साहू, भागवत साहू, नीरा साहू, शैलेन्द्र साहू, नीलमणी साहू, कुलेश्वर साहू, हेमंत साहू, हंसराज साहू, भुनेश्वर साहू, अंजू साहू, भुवाल साहू, चंदन साहू, माधव साहू, मिलन साहू, यशवंत साहू, पूर्णिमा साहू, मूलचंद साहू, धनराज साहू, लविंद्र साव, दौवा साहू, नारायण साहू, बेलस साहू, हेमसिंग साहू, इन्द्रसेन साहू, महेश साहू, राजेश साहू, पोवादास साहू, बैजंती साहू, भैयालाल साहू, चुम्मन साहू, भागवत साहू, पुरुषोत्तम साहू, परमा साहू, भारत, सरिता साहू, गुलाब साहू, हीरा साहू, दुर्गा साहू आदि ने बधाई दी है।



### 12 ग्राम पंचायतों में आज शिविर

**मोहला।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत 10 जनवरी को 12 ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा। विकास खंड अंबागढ़ चौकी के ग्राम पंचायत तिरपेमेटा एवं देवरसुर में सुबह 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत लाताकोड़ो व तारमटोला में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत बोरियामोकासा व ग्राम पंचायत मीचगॉव में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत जक्के व कुम्हारी में 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खंड मोहला के ग्राम पंचायत चांपाटोला व अड़मागोंदी में 9 बजे से एवं ग्राम पंचायत रानाटोला व कुम्हली में दोपहर 2 बजे से शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं विकासखंड स्तर के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित किया जायेगा।

## साढ़े तीन करोड़ से अधिक लिंकिंग से वसूली

# किसानों ने सोसाइटियों में बेचा दस करोड़ का धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अब केवल 13 दिन और होगी। केन्द्रों ने किसानों से अब तक करीब दस करोड़ का धान खरीद लिया। साढ़े तीन करोड़ से अधिक की लिंकिंग वसूली हो चुकी है। बीते सप्ताह से खरीदी लिमिट बढ़ने के बाद धान खरीदी की रफ्तार बढ़ गई है। किसानों को टोकन लेने में आसानी हो रही है। परिवहन का आभाव एवं बंफर धान की आवक के चलते केन्द्रों में रोज जाम की स्थिति बन रही है। बीते सप्ताह धान का उठाव बेहतर बताया जा रहा है पर अब उपार्जन केन्द्रों में जिस हिसाब से धान की आवक हो रही है उसके हिसाब से उठाव काफी धीमा है। केन्द्रों द्वारा खरीदे गए धान का लगभग 50 प्रतिशत का परिवहन हुआ है।

जानकारी के अनुसार ठाकुरटोला में 10 करोड़ 95 लाख, बुंदेली में 10 करोड़ 4 लाख, सण्ड़ी में 9 करोड़ 76 लाख, कुकुरमुड़ा अतरिया में किसानों से 9 करोड़ 38 लाख से अधिक का धान खरीदा जा चुका है। धान खरीदी की लिमिट बढ़ने के बाद भी परिवहन व्यवस्था जस तस बनी हुई है। बंफर आवक के कारण केन्द्रों में रोज जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। केन्द्रों द्वारा खरीदे गए धान का 50 से 55 प्रतिशत धान का अब तक उठाव हो पाया है। शेष स्टाक केन्द्रों में जाम की स्थिति निर्मित कर रहा है। धान उपार्जन केन्द्र सण्ड़ी उठाव नही होने से दो दिन खरीदी बंद रही। यहां से अब तक 24 हजार 460 क्विंटल का उठाव हुआ है। ठाकुरटोला उपार्जन केन्द्र से 31 हजार 530 क्विंटल का परिवहन हुआ है। इसी प्रकार कुकुरमुड़ा अतरिया से 25 हजार 90 तथा बुन्देली से 31 हजार 440 क्विंटल का उठाव हो पाया है।



#### टारगेट पूरा होने की उम्मीद

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तय सीमा पर सभी किसानों से धान खरीदी होने की उम्मीद है। प्रतिदिन धान खरीदी की लिमिट बढ़ने के बाद केन्द्रों को टारगेट पुरा करने में आसानी हो सकती है। केंद्रों में रोज दो से ढ़ाई हजार क्विंटल की धान की खरीदी हो रही है। उपार्जन केन्द्रों ने अब तक टारगेट का 70 फीसदी धान खरीद लिया है। आगामी 13 दिनों में लगभग 30 फीसदी धान की खरीदी होना है।

# पीएम जनमन योजना अंतर्गत ग्रामों में शिविर



- शिविर में 123 बैगाओं के आधार कार्ड बनाने की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज छुईखदान विकासखंड के 18 ग्रामों में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 123 बैगाओं के आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही की गई। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में राशन कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास, सुकन्या समृद्धि, कौशल विकास, पोषण, आजीविका उन्मूलन, जनधन खाता, वन अधिकार पट्टा, पीएम मातृवंदना सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने स्टॉल लगाए गए। शिविर छुईखदान विकासखंड के ग्राम गर्रा, समनापुर, समुंदपानी, सिंगारपुर, सरोधी, सराईपतेरा, देवरच्चा, कोपरो, बकरकट्टा, गेरू खदान और दरबानटोला में आयोजित की गई। जिला प्रशासन द्वारा जनमन योजना अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों में विभिन्न विभागों के समन्वय से पेयजल, आवास, सड़क, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, वनधन केंद्र की स्थापना, इंटरनेट एवं मोबाईल सर्विस की उपलब्धता तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित 11 महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# ढाई आखर प्रेम राष्ट्रीय सांस्कृतिक यात्रा आज

- सांस्कृतिक यात्रा देश के 22 राज्यों में निकाली गई है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लेखकों, कलाकारों द्वारा प्रेम, सद्भाव, एकता, भाईचारा का संदेश के लिए कबीर के दोहे ढाई आखर प्रेम को माध्यम बनाकर एक सांस्कृतिक यात्रा देश के 22 राज्यों में निकाली है।

भगत सिंह के जन्म दिवस 28 दिसंबर 2023 से प्रारंभ होकर यह यात्रा 30 जनवरी 2024 राजघाट नई दिल्ली में समाप्त होगी। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा भिलाई-दुर्ग से होते हुए 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे राजनांदगांव पहुंच रही है। इस यात्रा में सुप्रसिद्ध संगीतकार स्व. खुमान साव ठेकवा, नाचा के पुरोधा स्व. दाऊ मंदराजी रवेली ग्राम होते हुए राजनांदगांव के पुराना बस स्टैंड गांधी प्रतिमा के पास पहुंचेगी। इसके बाद भरकापारा में अंबेडकर प्रतिमा एवं अशोक चक्र पर माल्यार्पण के बाद रामाधीन मार्ग होते हुए सुभाष द्वार, कामठी लाईन से भारत माता चौक पहुंचेगी। अपरान्ह 2.30 बजे भोजन अवकाश के बाद सिनेमा लाइन होते हुए मानव मंदिर चौक से आजाद चौक पहुंचकर सक्षिप्त उद्बोधन, कलाकारों द्वारा जसगीत गायन होगा।

तत्पश्चात दुर्गा चौक होते हुए दिग्विजय महाविद्यालय स्थित मुक्तिबोध स्मारक त्रिवेणी परिसर में यात्रा का समापन होगा। यात्रा के दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. कन्हैयालाल अग्रवाल एवं लेखकों, कलाकारों के परिजनों से भेंट मुलाकात करेंगे।

प्रगतिशील लेखक संघ, राजनांदगांव तथा आयोजन समिति की ओर से यह अपील है कि इस यात्रा में समाज के जागरूक नागरिक, लेखक, कलाकार जो भी जिस स्थान पर संभव हो यात्रा में शामिल होकर सहयोग प्रदान करें।

### जिला पुनर्वास समिति की बैठक

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज जिला पुनर्वास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नक्सल पीड़ित प्रभावित परिवार के लोगों के कल्याण के लिए आगे की कार्यवाही पर समिति द्वारा निर्णय लिया गया। एक प्रकरण पर परिवार के व्यक्ति को चतुर्थ श्रेणी के पद पर शासकीय नौकरी देने के लिए आदिवासी विभाग को निर्देशित किया गया। इसके लिए आदिवासी विकास विभाग को आगे की कार्यवाही करने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार एक महिला द्वारा अपने तीन बच्चों को स्कूली छात्रवृत्ति प्रदान करने संबंधी दिये गये आवेदन पर शिक्षा विभाग को नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है। एक अन्य प्रकरण में पीड़ित परिवार के बच्चों को छात्रावास, आश्रम में दाखिला देने दिये गये आवेदन पर दाखिला देने के लिए कहा गया है। बैठक में एसपी रत्ना सिंह, सयुंक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# सम्मेलन में दी किसानों को कई उपयोगी जानकारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

सीताराम एग्री क्लीनिक के तत्वावधान में किसान सम्मेलन एवं संगोष्ठी का आयोजन सोमवार को किया गया। सम्मेलन में पांच जिलों के लगभग 300 किसान शामिल हुए। यहां दवाइयों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। सम्मेलन में किसानों को कम लागत में अधिक पैदावार करने तथा ऑर्गेनिक खाद उपयोग करने की जानकारी दी गई।

सम्मेलन में किसानों ने उत्पादन संबंधित अपने अनुभवों विशेषज्ञ से साझा किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल शामिल हुए। उन्होंने बताया कि वह भी किसान है और आधुनिक तरीके से खेती करते है। सीताराम एग्री क्लीनिक के प्रयास से विभिन्न कंपनियों के विशेषज्ञों ने आधुनिक खेती, नई तकनीकी, उन्नत बीज और दवाइयों की उपयोगी जानकारी दी है जिससे किसानों को लाभ होगा। इस मौके पर ग्रीन केयर एग्री केम इंडस्ट्री रायपुर के शैलेंद्र प्रसाद, श्री गुरुदेव सीड्स रायपुर के अविनाश शुक्ला, फीनिक्स एग्री केमिकल पुणे के शमीम खान, पीन सीड्स कंपनी के सुरेश सकवार और पटरू सीड्स के श्री तिवारी ने विभिन्न उत्पाद एवं उनके लाभ की जानकारी दी। सम्मेलन में अश्वनी ताम्रकार, गोविंद धनकर, राकेश ताम्रकार, किशुन मिर्च, दयालु साहू, अरविंद साहू, प्रभु राम वर्मा, इमरान खान, मोहन धनकर, मांगीलाल निर्मलकर, हिरऊ निर्मलकर, चंद्रकुमार धनकर, हीरालाल निर्मलकर, हिमांशु वर्मा, सोनू शर्मा, नंदकुमार बघेल, नीलकंठ बघेल सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।




### श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी शुरू



**राजनांदगांव।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा के अवसर पर धर्मनगरी डोंगरगढ़ में दीपावली जैसे उत्सव की तैयारी शुरू हो गई है। सनातन धर्म से जुड़ी संस्थाओं के लोगों द्वारा इस दिन को ऐतिहासिक बनाने घर-घर दस्तक देना शुरू कर दिया है। इसके लिए समस्त सनातनी परिवारों तक पहुंचने विभिन्न टोलियां बनाई गई है। जिनके द्वारा घर-घर पहुंचकर लोगों को अक्षत के साथ एक पत्रक और राम मंदिर के एक चित्र के साथ ही 22 जनवरी को किस तरह से उत्साह मनाना है, उसकी प्रक्रिया भी बता रहे हैं। हर वार्ड के लिए अलग टोली बनाई गई है। इन टोलियों में उस वार्ड के ही रहवासियों को शामिल किया गया है। जिससे हर घर तक पहुंचने में सुविधा मिले और लोगों तक संदेश भी बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सके। बताया गया कि टोलियों को 15 जनवरी से पहले तक सभी घरों में दस्तक देने कहा गया है।

# राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में छग एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने गणित दिवस के उपलक्ष्य में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा बताई तथा रामानुजन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मैथेमेटिकल म्जि, मैथेमेटिक्स फॉर एवरी वन विषय पर रंगोली, जामितिय चित्रों पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता तथा सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चयनित छात्राएं पूर्णिमा यादव, लक्ष्मी मारकंडे, सुडोकू प्रतियोगिता में नंदनी साव, यामिनी यादव, चित्रकला में भुनेश्वरी साहू एवं रंगोली प्रतियोगिता में खोमिका साहू को विश्व विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता हेतु सांई महाविद्यालय भिलाई भेजा गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि गणित का ज्ञान-विज्ञान के प्रत्येक क्षेत्र में अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय गणित दिवस श्रीनिवासन रामानुजन के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है तथा गणित के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया है। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि श्रीनिवासन रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में विभिन्न सूत्र दिए हैं, जो विज्ञान की सभी क्षेत्रों में उपयोग में आता है एवं आज-कल विज्ञान सहित सामाजिक विज्ञान क्षेत्रों में शोध कार्यों में गणित के बिना कुछ कर पाना संभव नहीं है और नए टेक्नोलॉजी के विकास में भी गणित अत्यंत उपयोगी है।



## शैक्षणिक कार्यों पर फोकस करने दिए निर्देश

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली ट्यूटर शिक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्कूलों में कार्यरत ट्यूटर शिक्षकों की बैठक ली। सभी ट्यूटर्स शिक्षकों को शैक्षणिक कार्यों में पूर्ण निष्ठा से लगे रहने के निर्देश दिया।

इसके अलावा कानून व्यवस्था तोड़ने संबंधी किसी अन्य गतिविधियों में लिप्त न रहने की हिदायत दी गई। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीणों की शिक्षक को लेकर मांग व स्थानीय युवाओं को रोजगार देने के उद्देश्य से ट्यूटर मानदेय पर रखने का निर्णय लिया गया था। ट्यूटर्स की किसी संदिग्ध गतिविधि पर लिप्त पाये जाने पर कानून के तहत कार्यवाही किया जायेगा। आगामी शास्ति परिषद की बैठक में ट्यूटर नियुक्ति के संबंध में पुनः परीक्षण करने का निर्णय भी लिया गया है। एसपी श्रीमती रत्ना सिंह ने कहा कि जिले में सुरक्षा की दृष्टि से दूरस्थ अंचलों में कार्य कर रहे ट्यूटर शिक्षकों को स्वयं की सुरक्षा और स्कूली बच्चों की अच्छी शिक्षा पर ध्यान देने चाहिए। किसी गैर कानूनी गतिविधियों में लिप्त न रहने की बात कही गई।



#### ट्यूटर का विवरण मांगा गया

उल्लेखनीय है कि जिले में शिक्षकों की कमी वाली संस्था में शाला विकास समिति द्वारा स्थानीय युवाओं को अस्थाई ट्यूटर शिक्षक प्रतिदिन मानदेय पर रखा गया है। ये ट्यूटर शाला विकास समिति व स्थानीय ग्रामीण के नियंत्रण में शिक्षण कार्य करा रहे हैं। इन सभी ट्यूटर को निर्देशित किया गया है कि वे सब उच्च शैक्षिक योग्यता रखते हैं इसलिए सिविलियन की भांति अच्छे कार्यों में लगे रहे, कानून व्यवस्था तोड़ने जैसी गतिविधियां न करें। विभाग को सभी ट्यूटर्स का विवरण व पता भी मांगा गया है। जिससे सभी का बैकग्राउंड जांच किया जा



## सार समाचार



राजनांदगांव। इंदिरा नगर चौखड़ियापारा से श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर वार्ड में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और वार्डवासी शामिल हुए।

### एनपीएस की छात्राओं का चयन

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल पेंड्री की छात्राओं शिविका अग्रवाल व



नवलीन कौर जस्सल का आगामी 11 से 14 जनवरी तक अहमदाबाद में आयोजित 67वीं राष्ट्रीय क्रिकेट शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता अंडर-19 वर्ष बालिका वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने चयन हुआ है। नीरज पब्लिक स्कूल के क्रिकेट कोच हिमांशु यादव के मार्गदर्शन में इन छात्राओं के चयन से नगर तथा शाला का गौरव बढ़ा है। इस अवसर पर प्राचार्य भारती गौते, खेल प्रशिक्षक निसार अब्बास एवं खेल विभाग शिक्षक व समस्त निदेशकगण एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### युवा चित्रांश अध्यक्ष बने नीरज

**राजनांदगांव।** कायस्थ समाज की बैठक 7 जनवरी को जमातपारा स्थित



चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित की गई। बैठक में संरक्षक डॉ. विद्याविलास, पूर्णकालीक अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला तथा कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में नीरज श्रीवास्तव को युवा चित्रांश अध्यक्ष सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। वहीं आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी की गई। इस अवसर पर डॉ. विद्याविलास श्रीवास्तव, देवेन्द्र मोहन लाला, क्षितिज मोहन श्रीवास्तव, नागेश श्रीवास्तव, अभिषेक, सुनील, डॉ. कृष्ण मोहन, ऋषि, आनंद, धर्मेन्द्र, प्रवीण, मुकेश, अजय एवं भोला बख्शी व समाज के लोग उपस्थित थे।

### शौक द फ्ली बाजार 11 से

**राजनांदगांव।** शौक द फ्ली बाजार का आयोजन आगामी 11 और 12 जनवरी को यथ वाटिका में किया गया है। आयोजक निकिता सिंगी, रितीका लोहिया और पूजा जैन ने बताया कि इस बाजार में घर और लाइफ स्टाइल सेगमेंट में सबसे क्यूरेटेड, एक्सक्लूसिव और अनोखा कलेक्शन उपलब्ध रहेगा। वहीं बच्चों के लिए रचनात्मक गतिविधियां, खेल का भी आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के लिए फोटोशूट और सेल्फी कॉर्नर आपकी फोटोग्राफी की लालसा को पूरा करने तैयारियां की गई है। बाजार में विभिन्न प्रतिष्ठित स्कूलों, ऊर्जावान और जादुई लाइव बैंड के अद्भुत कलाकारों को तैयार किए गए, कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके साथ ही फूड जोन भी रहेगा।

### राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता आज से

**डोंगरगांव।** समीपस्थ ग्राम घुघवा साल्हे में आगामी 10 जनवरी से राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। आदर्श नवयुवक समिति एवं न्यू टाइगर फुटबाल क्लब द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित उक्त स्पर्धा में कई टीमों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने बताया कि यह आयोजन का 50 वां साल है। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 800 रूपए है। विजेता टीम को 21001 रूपए तथा विनर कप, उपविजेता को 15001 रूपए एवं ट्राफी दिया जाएगा।

### युवा प्रतिभा खोज परीक्षा 14 को

**राजनांदगांव।** महावीर मंदिर में साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया।



जिसमें आगामी युवा प्रतिभा खोज परीक्षा की तैयारी व रूपरेखा के संबंध में चर्चा किया गया। इस वर्ष भी युवा प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन 14 जनवरी दिग्विजय महाविद्यालय में किया गया है। युवा प्रतिभा खोज परीक्षा का विषय 10वीं, 12वीं के बाद किन विषयों का चयन करें, वह रोजगारमुखी प्रश्न से संबंधित परीक्षाएं होगी। जिससे विद्यार्थियों को अपनी आगे करियर बनाने में उन्हें आसानी होगी। संगठन का उद्देश्य के विद्यार्थियों के बौद्धिक स्तर को आगे बढ़ना। इस बार युवा प्रतिभा खोज परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी विद्यार्थियों को अपने साथ स्मार्टफोन लेकर आना अनिवार्य होगा और इसमें विद्यार्थियों के लिए नगद पुरस्कार भी रखा गया है। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा की सूचना स्कूल के माध्यम से दिया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सके। बैठक में नागेश यदु, चंद्रभान जंघेल, छत्रपति शिवाजी महाराज रक्तवीर मंच प्रदेश अध्यक्ष माधव साहू, प्रदेश महामंत्री भागवत वर्मा, हेमा साहू, वंदना, पराग कुमार उपस्थित थे।

### इतवारी व सोनू सिन्हा का निधन



**चिचोला।** पाटेकोहरा (चिचोला) निवासी इतवारी सिन्हा व सोनू सिन्हा दोनों सगे भाई का स्वर्गवास हो गया। अंतिम संस्कार गांव में किया गया। ये दोनों गोवर्धन सिन्हा संवाददाता के बड़े नाना थे।

## कलेक्टर ने कहा : बिना अनुमति मुख्यालय न छोड़े अफसर

# दफ्तरों में हर सोमवार को जनदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने राजस्व अफसरो से कहा है कि नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एवं राजस्व के प्रकरणों में शिकायत नहीं आनी चाहिए। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य अधिकारी अपने कार्यालय में प्रति सोमवार सुबह 11 बजे से अपरान्ह 1 बजे तक जनदर्शन में उपस्थित रहेंगे तथा लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे।

उक्त दिशा-निर्देश कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि श्रम विभाग अंतर्गत भगिनी प्रसूति सहायता योजना के तहत श्रम विभाग में पंजीकृत गर्भवती माताओं को लाभान्वित किया जा सकता है। इस योजना के तहत श्रमिक महिलाओं के प्रथम दो बच्चों के लिए 20 हजार रूपए की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री विश्वकर्मा दुर्घटना सहायता योजना के तहत श्रमिक की मृत्यु के बाद उसके परिवार को 1 लाख रूपए की राशि प्राप्त होगी। इसी तरह समाज कल्याण विभाग में दिव्यांगजनों से संबंधित योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 10 हजार दिव्यांगों को चिन्हांकित करते हुए उनकी सूची जनपद सीईओ को प्रदान करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें शासन की योजनाओं के अंतर्गत विशेष तौर पर लाभान्वित किया जा सके।




**कार्ड बनाने तकनीकी दिक्कतें :** कलेक्टर ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में गति लाएं। जिले में शेष नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने में आ रही तकनीकी दिक्कत को दूर करने के निर्देश दिए।

### गुणवत्ता पर रखे ध्यान

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन शासन की महती योजना है, जिसे मार्च 2025 तक पूरा किया जाना है। इसके तहत किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। हर घर में टेप नल आ जाएगा। इसके लिए स्थानीय स्तर पर प्लंबर के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण देना सुनिश्चित करें। कौशल विकास विभाग को प्लंबर का प्रशिक्षण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत नल लग जाने पर स्थानीय स्तर पर उसके रख-रखाव एवं मरम्मत की आवश्यकता होगी। जिसमें स्थानीय लोगों को आजीविका का एक साधन मिल जाएगा। प्रशिक्षण देने के बाद सभी ग्राम पंचायतों में समन्वय के लिए उनके नाम चस्पा कराने के निर्देश दिए।

### संकल्प यात्रा को अच्छा रिस्पांस

जिला पंचायत सीईओ अमित कुमार ने कहा कि जिले के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए 8 मोबाईल वैन उपलब्ध है और सभी विकासखंडों में कार्यक्रम का आयोजन निरस्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में विशेष रूप से ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण बढ़ाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मेरी कहानी मेरी जुबानी एवं क्विज के अंतर्गत जिले में

## आरला में 12 से कबीर सत्संग समारोह

**राजनांदगांव।** ग्राम आरला (सुरगी) में सद्गुरु कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में त्रि-दिवसीय सद्गुरु कबीर सत्संग समारोह ज्ञान यज्ञ 12 से 14 जनवरी तक आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति के नरेश कुमार साहू ने बताया कि इसमें मुख्य प्रवक्ता परम पूज्य धर्माधिकारी श्री सुधाकर साहेब जी प्राकटय भूमि लहरतारा कांशी खरसिया (रायगढ़) से साहेब के श्रीमुख से अनुभव युक्त व्यवहारिक अमृतमय में उपदेश को श्रवण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। 12 जनवरी को 10.30 से 1.30 बजे और 3 से 5 बजे तक, 13 जनवरी को 10.30 से 1.30 बजे तक एवं 3 से 5 बजे तक और 14 जनवरी को 10.30 से 1 बजे तक और 3 बजे चौका आरती के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम का लाभ लेने क्षेत्रवासियों को उपस्थित होकर लाभ लेने का आग्रह किया गया।



## महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव।** कान्फ्लुएंस महाविद्यालय में 6 जनवरी को ग्रंथालय द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में खैरागढ़ जिले के रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय के ग्रंथपाल जेके वैष्णव उपस्थित थे।

इस व्याख्यान का प्रमुख उद्देश्य पुस्तकालय विज्ञान और कैरियर गाइडेंस पर सूचना प्रदान करना था। यह अतिथि व्याख्यान पायल देवांगन ग्रंथपाल के निर्देशन में हुआ। अतिथि व्याख्यान के विषय विशेषज्ञ जेके वैष्णव ने शैक्षणिक संस्थानों का हृदय ग्रंथालय को रेखांकित करते ग्रंथालय सूचना विज्ञान को विस्तार से समझाया। ज्ञान के भंडार पुस्तकों को सबसे अच्छा मित्र बताते पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एसआर रंगनाथन के पांच सूत्र पुस्तक उपयोग के लिए सभी पाठकों को समय बचाते पुस्तक मिले, को विस्तार से बताया। वैज्ञानिकों के शोध आविष्कारों में नालंदा एवं तक्षशिला विश्वविद्यालय के ग्रंथों का अध्ययन को मूल स्रोत कहा। प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को नमन करते महिला शिक्षा के महत्व को बताया।



द्वितीय सत्र में व्यावसायिक पाठयक्रमों में अध्ययन महत्व को रेखांकित करते लक्ष्य अनुरूप कड़ी मेहनत से रोजगार के शासकीय, गैर शासकीय एवं स्वरोजगार आत्मनिर्भरता हेतु पैतृक व्यवसाय पर प्रकाश डाला। इस व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने अतिथि व्याख्यान के महत्व बताते लाइब्रेरी में पुस्तक पढ़ने छात्र-छात्राओं को अध्ययन हेतु प्रेरक उदबोधन दी। साथ ही इस अतिथि व्याख्यान में महाविद्यालय के समस्त अध्यापकगण उपस्थित थे।

## बूढ़ासागर में 108 फीट धर्म ध्वजा व स्मारक स्थापित करने रखी मांग

**राजनांदगांव।** छग शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का राजनांदगांव में प्रथम आगमन के अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री कमलेश सूर्यवंशी (गोलू) ने ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में उन्होंने राजनांदगांव स्थित पुरातन शीतला माता देवालय मंदिर बूढ़ासागर के किनारे 108 फीट का धर्म ध्वजा फहराने तथा स्मारक निर्माण किए जाने धर्मस्य न्यास मंत्री से स्वीकृति पूर्ण करने मांग की। ज्ञात हो कि बूढ़ासागर संस्कारधानी की धरोहर है, उसे सहेजना, संवारना शासन के साथ-साथ नागरिकों का भी कर्तव्य है। इसी कड़ी में उक्त



स्थान पर धर्म ध्वजा व स्मारक स्थापित होने से शहर के मध्य एक धार्मिक व स्वच्छ वातावरण व्याप्त होगा। जिसके लिए भाजयुमो नेता ने संस्कृति मंत्री से मांग की, जिस पर बृजमोहन अग्रवाल ने अपनी सहमति देते जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिया।

## प्राचार्य टांडेकर सम्मानित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर को विभिन्न क्षेत्रों में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए समता साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर नेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान समता साहित्य अकादमी द्वारा 30 दिसंबर 2023 को परेल मुंबई में आयोजित नेशनल साहित्य कांफ्रेंस 2023 में प्रदान किया गया।



डॉ. टांडेकर ने अपने 41 वर्ष के सेवाकाल में अध्ययन-अध्यापन के अलावा अकादमिक, रिसर्च, प्रोजेक्ट, शोध कार्य, शोध निदेशक के रूप में अनेक सराहनीय कार्य किया। प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों के सतत मार्गदर्शन के साथ-साथ सामाजिक कार्य, एनसीसी, एनएसएस, स्पोर्टस, लाईब्रेरी जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। अपने 15 वर्षों के प्राचार्य कार्यकाल में विभिन्न महाविद्यालयों में पदस्थ रहते महाविद्यालय विकास तथा विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए अनेक उल्लेखनीय कार्य किए हैं, जो एक मिसाल है। डॉ. टांडेकर के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, रजिस्ट्रार दीपक तथा कर्मचारियों ने बधाई दी।

### बिरेझर व खैरा में बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन

## खिलाड़ी अनुशासन एवं खेल भावना के साथ करें अपना श्रेष्ठ प्रदर्शनः मधुसूदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम बिरेझर (नवागांव) में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर ने की। विशेष अतिथि के रूप में बिरेझर सरपंच कनक दुबे, भाजपा नेता मनोज साहू, मनहरण साहू, बैगाटोला सरपंच योगेश निर्मलकर उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से अध्यक्ष लिकेश साहू, उपाध्यक्ष रश्मिता यादव सहित मुनिया द्विवेदी, सुभाष द्विवेदी, रूपेश साहू, चिंता साहू, दीपक साहू, संतोष साहू, मनोज साहू एवं ग्रामवासीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इसके अलावा पूर्व सांसद मधुसूदन ग्राम खैरा में आयोजित बालक्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्षता बीईओ वाईडी साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में भगत सर, भाजपा नेता रोहित चंद्राकर, मंडल महामंत्री मनोज साहू, मनहरण साहू, खैरा सरपंच रितु साहू उपस्थित रहे। आयोजन समिति की तरफ से घुरऊराम साहू, नंदलाल साहू, कुंजीलाल साहू, रामगुलाल यादव, चौतराम साहू, संकुल प्रभारी शाकिर खान संकुल कन्हारपुरी, जंगलेसर, खैरा, रवेली के शिक्षकगण



सहित ग्राम प्रमुख एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दोनों ही समारोह में आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसके बाद खेलकूद के समापन के अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को आमंत्रित अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। दोनों ही स्थानों पर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते अपने उद्बोधन में पूर्व सांसद मधुसूदन ने खेल में अनुशासन एवं खिलाड़ी भावना का परिचय देते अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करने और शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर करने की सीख दी।

## संस्कार के बीज बचपन से ही पल्लवित होते हैं और जवानी में वृक्ष बन जाते हैं : पं. अर्पित

**राजनांदगांव।** भागवताचार्य पं. अर्पित शर्मा ने कहा कि संस्कार के बीज बचपन से ही पल्लवित होते हैं और जवानी में वृक्ष बन जाते हैं। उन्होंने भक्त शिरोमणि ध्रुव के बारे में बताते कहा कि ध्रुव ने बचपन से ही कठोर तप किया और बचपन में पढ़ा यह संस्कार का बीज समय के साथ-साथ पल्लवित होता गया। उन्होंने कहा कि यह बीज ऐसा पल्लवित हुआ कि एक विशाल वृक्ष बनकर आज तक क्षितिज में छाया हुआ है। हम आज भी ध्रुव तारा को आकाश में टिमटिमाते देखते हैं। ध्रुव तारा की जगह कोई अन्य तारा ले नहीं सकता।

भागवताचार्य पं. शर्मा ने बल्देवबाग के साहू अपार्टमेंट में प्रकाश नत्थानी एवं प्रमोद नत्थानी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में व्यासपीठ से



बोल रहे थे। उन्होंने कथा में भक्त शिरोमणि ध्रुव के चरित्र के बारे में बताया। उन्होंने भरत के चरित्र का भी श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि भगवान की भक्ति में कितना सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि उन्हें एक मृग में आसक्ति हो गई थी। जिसके चलते उन्हें दो जन्म और लेना पड़ा। अंत में भगवान की भक्ति से ही उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई। भागवताचार्य पं. शर्मा ने कहा कि जीवन को सुधारना है तो भगवान का भजन करना ही पड़ेगा। भगवान पर हमारी पूर्ण श्रद्धा होनी चाहिए।

## पेंशनरों की मासिक बैठक 26 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक वरिष्ठ पेंशनरों के सुझाव पर माह के दूसरे गुरुवार 11 जनवरी को आयोजित होने वाले बैठक को स्थगित कर 26 जनवरी को सुबह 9 बजे रखा गया है।

ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील डोंगरगांव ने पेंशनर्स साथियों से आग्रह करते अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

## वार्डों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है।

इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह नवंबर का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 21 दिसंबर 2023 से 17 जनवरी तक सुबह 11.30 से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत कल 10 जनवरी को वार्ड नं. 37 हेतु गंजपारा स्कूल, वार्ड नं. 38 हेतु पार्षद कार्यालय ब्राम्हण पारा, वार्ड नं. 39 हेतु सार्वजनिक भवन नागेश्वर मंदिर, 11 जनवरी को वार्ड नं. 20 हेतु पेंड्री स्कूल, वार्ड नं. 21 हेतु आंगनबाडी केन्द्र पेंड्री व वार्ड नं. 22 हेतु रेवाडीह स्कूल एवं 12 जनवरी को वार्ड नं. 24 हेतु सिंधु धर्मशाला लालबाग, वार्ड नं. 25 हेतु पुत्री शाला व वार्ड नं. 26 हेतु पार्षद कार्यालय में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की है।

## वार्षिक खेलकूद स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय नवीन महाविद्यालय ठेलकाडीह में गत 21 व 22 दिसंबर को प्रभारी प्राचार्य एके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं क्रीड़ा प्रभारी सीएस राठौर के निर्देशन में विविध खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न हुआ। वार्षिक खेल उत्सव के अंतर्गत इंडोर एवं आउटडोर खेलों एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आउटडोर खेल प्रतियोगिता के रूप में बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी, 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं क्रिकेट स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इंडोर प्रतियोगिताओं के अंतर्गत छत्तीसगढ़ी व्यंजन, सलाद सजाओ, थाली सजाओ एवं मेंहदी लगाओ आदि विधाओं पर स्पर्धाएं संपन्न हुई। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में पायल देवांगन ने प्रथम, छत्तीसगढ़ी व्यंजन में लक्ष्मी साहू ने प्रथम, बैडमिंटन बालक वर्ग में मनोहर निषाद



ने प्रथम, गोला फेंक बालिका वर्ग में मनीषा यदु ने प्रथम, खो-खो बालिका वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस प्रकार प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त बालक एवं बालिका को वार्षिक स्नेह सम्मेलन में पुरस्कृत किया जाएगा। सभी खेल प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग में आयोजित की गई थी। जिसमें महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## सीसीटीएनएस आपरेटरों की पुलिस ने ली बैठक

**राजनांदगांव।** भारत सरकार, गृह मंत्रालय एनसीआरबी, नई दिल्ली की सीसीटीएनएस योजना के तहत पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशानुसार 8 जनवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय राजनांदगांव के सभागार में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी सीसीटीएनएस राहुल देव शर्मा द्वारा जिले के समस्त थानों के सीसीटीएनएस ऑपरेटरों की मीटिंग आहुत की गई। जिसमें जिला राजनांदगांव के सीसीटीएनएस शाखा प्रभारी एवं समस्त थानों के ऑपरेटर्स उपस्थित हुए।

इस योजना के तहत थानों में सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटरकृत एफआईआर दर्ज किया जाता है, जिसे 24 घंटों के भीतर सिटीजन पोर्टल पर पब्लिश किया जाता है, जिसे आमजन देख सकते हैं। मीटिंग में वर्ष 2023-24 के समस्त अपराधों के डाटा एंट्री को शत-प्रतिशत पूर्ण किए जाने एवं आपराधिक प्रकरणों में सर्च मॉडियूल का अधिक से अधिक उपयोग करने तथा आम नागरिकों से प्राप्त होने वाली ऑनलाइन शिकायत, वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त होने वाले ऑनलाइन शिकायत एवं चरित्र सत्यापन को शीघ्र ऑनलाइन निराकरण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।



### समस्याओं पर विस्तार से की चर्चा

साथ ही महिला संबंधित अपराधों के प्रकरणों में चालान पेश दिनांक को ही प्रकरणों की एंट्री सीसीटीएनएस में किया जाने हेतु दिशा-निर्देश दिया गया। डाटा एंट्री के दौरान थानों में आने वाली तकनीकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर समस्याओं का निदान हेतु आश्वासन दिया गया और सीसीटीएनएस में कार्यरत कर्मचारियों को लगन एवं मेहनत से किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।



## खबर संक्षेप



### ग्रामीण क्षेत्रों में किसान गन्ना फसल की कटाई जोर-शोर से किया जा रहा

**बरबसपुर।** जिले में एक नहीं दो शक्कर कारखाना संचालित हो रहा है वहीं गुड़ फैक्ट्री जगह-जगह संचालित हो रहा है। जिस कारण किसानों द्वारा अपने अपने खेतों में गन्ना परिपक्व होकर तैयार गन्ना फसल की कटाई जोर-शोर किया जा रहा है। वहीं अंचल के गरीब व मजदूर परिवार को रोजी-रोटी व काम मिलने से रोजगार मिल रहा है। जिससे मजदूरों की चेहरे खुशी से खिल उठे। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र में मजदूरों को मजदूरी दर 180 तथा एक क्विंटल गन्ना की कटाई करने पर 70 मिल रहा है, जिसे मजदूरों को आम के आम गुठलू के दाम जैसे दुगुना लाभ मिल रहा है और जिले में संचालित शक्कर कारखाना और गुड फैक्ट्री में किसानों ने बेच रहे हैं। वहीं किसानों ने गुड फैक्ट्री में 290 रुपए में क्विंटल गन्ना फसल को बेच रहे हैं जिसे किसानों को भी राहत मिल रहे हैं।



### तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन आज से

**कोलेगांव।** विकासखंड स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिषर बासनी में 10 से 12 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी जानकारी पीटीआई शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं की सहायता से तैयारियों पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर शासकीय हाई स्कूल प्राचार्य ओमप्रकाश पांडेय, व्याख्याता सुधाराम साहू, संकुल समन्वयक विष्णु प्रसाद चंद्राकर, शिक्षक देवेश वैष्णव, अशोक कुमार साहू, बैजनाथ चंद्राकर, कौशिक कुमार साहू, नारायण साहू, पीटीआई शिक्षक राजेश शुक्ला एवं रमेश चंद्राकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी हेतु गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ



**कवर्धा।** जिले के चारों खंड अंतर्गत कवर्धा, बोड़ला, सहसपुर लोहारा व पंडरिया में सोमवार श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा 22जनवरी 2024 हेतु गृह संपर्क अभियान 1 से 15 जनवरी तक जिले के प्रत्येक गांवो के ग्राम संयोजक, ग्राम सह संयोजक के साथ कवर्धा नगर 27 वार्डों में वार्ड संयोजक, सह संयोजक की टोली बनाकर घर-घर जाकर अक्षत, चित्र, निमंत्रण पत्र देकर अपील कर अपने ग्राम के वार्ड में स्थित मंदिर-देवालयों में 22 जनवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक विजय मंत्र श्रीराम जय राम जय राम का 108 का जाप, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदर काण्ड कर अयोध्या में श्रीराम की आरती आरंभ होगा, उसी समय सब एक साथ आरती करेंगे। वहीं अपने घर के सामने आकर्षक रंगोली से सजाएं, शाम को दीपक जलाकर स्वागत व मिठाई बांटे, रात्रि में फाटखे जलाकर खुशियां मनाने का अपील की गई। जिला संयोजक मनोज ठाकुर, नगर संयोजक विष्णु ठाकुर, सह संयोजक चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सह संयोजक धीरज जाजड़ा, रवि वर्मा, शत्रुहन ठाकुर, रघुनंदन गुप्ता, उत्तरा वर्मा, प्रहलाद साहू, अभिषेक दुबे, राधेश्याम पाली, प्रभू राजपुरोहित, सूर्यकांत सोनी, नागेश कुंभकार, लेखूराम, परसराम चंद्राकर व कार्यकर्ताओं द्वारा राम सेवक गृह अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दे रहें हैं।

**शुभारंभ:** कोदवा-गोडान में वन धन संग्रहण केंद्र का शुभारंभ

# वनवासियों के लिए कल्याणकारी है वन धन योजना: विधायक भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवा-गोडान

सरकार की एक महत्वाकांक्षी वन धन योजना के तहत प्राथमिक लघु वनोपज समिति कोदवा-गोडान द्वारा संचालित होने वाले कोदो-कुटकी संग्रहण केंद्र का शुभारंभ सोमवार को क्षेत्रीय विधायक श्रीमती भावना बोहरा के हाथों किया गया। प्राथमिक लघु वनोपज समिति के तत्वावधान में आयोजित एक भीड़ भरे कार्यक्रम की मुख्यअतिथि नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जहां कोदो-कुटकी संग्रहण केंद्र के शुभारंभ किया, वहीं वन धन केंद्र के बाउंड्रीवॉल का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने वनोपज समिति द्वारा 500 वृक्ष रोपने के संकल्प से बनाए जाने वाले उद्यान में श्रीमती बोहरा ने तुलसी का एक पौध-रोपणकर उद्यान रोपणी का भी शुभारंभ किया। वनोपज समिति ने उक्त उद्यान को भावना कुंज का नाम दिया है। इस अवसर पर पूर्व पंडरिया वनपरिक्षेत्र के परिक्षेत्राधिकारी महेंद्र जोशी, वनपाल अरुण दुबे, वनरक्षक उमाशंकर साहू, संतोष कुमार साकत तथा स्थानीय वनकर्मियों के अलावा वनोपज समिति के अध्यक्ष कंवल सिंह, झंगल सिंह धुर्वे, राजू मरावी, कोटवार रामप्रसाद, अनिल कुमार लोनिया, नवल पाण्डेय, रितेश सिंह, अनुराग सिंह, सुखदेव धुर्वे, बलदाऊ श्रीवास, सम्पत धुर्वे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व बैगा आदिवासियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के पश्चात विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने राजेन्द्र साकत व वनकर्मी संतोष साकत के घर पहुंचकर उनकी स्व.माता को श्रद्धांजलि देकर परिवार के प्रति संवेदना प्रकट किया।

### मिलेट खाद्यान्न फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने महत्वाकांक्षी योजना



विधायक में श्रीमती बोहरा ने कहा कि केंद्र सरकार की वन धन योजना वन क्षेत्रों में पैदा होने वाली कोदो-कुटकी सहित अन्य दुर्लभ होती जा रही, मिलेट खाद्यान्न फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई एक बेहद महत्वाकांक्षी योजना है। आज पूरे विश्व में तमाम तरह की बीमारियों से बचाव के लिए मिलेट खाद्यान्नों की मांग बढ़ रही है, योजना के तहत ऐसे संग्रहण केंद्रों में उक्त फसलों को सरकार द्वारा समर्थन मूल्यों पर खरीदा जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडरिया भाजपा यशपाल छाबड़ा ने भी अपने विचार व्यक्त किया, वहीं समिति प्रबंधक यदुनन्दन पांडेय ने आभार व्यक्त किया।



### विकासखण्ड स्तरीय अंगना म शिक्षा एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सोमवार को बीआरसी भवन जिला ग्रंथालय कवर्धा में विकासखण्ड स्तरीय अंगना म शिक्षा 4.0 प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र की पूजन एवं वंदन के साथ किया। सोमवार के प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कवर्धा संजय जायसवाल, एपीसी संतोष साहू, पेडागोजी शाखा और एपीसी राकेश चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी एवं विकासखण्ड स्रोत समन्वयक जलेश चंद्रवंशी ने शिक्षकों को मार्गदर्शन दिया।

प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर डीआरजी श्रीमती वर्षा मानिकपुरी एवं बीआरजी श्रीमती एलवीना विलसन द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में अंगना म शिक्षा 4.0 के अंतर्गत माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च के भाषायी एवं गणितीय गतिविधि, माह अप्रैल में पढ़ाई तिहार, अंगना म शिक्षा अंतर्गत बाल मेला, सपोर्ट कार्ड, वर्णमाला, अक्षर, गिनती, सरल शब्द पढ़ना इत्यादि के विषय मे मास्टर ट्रेनरों द्वारा विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विकासखण्ड कवर्धा के 39 संकुलों से संकुल शैक्षिक समन्वयक एवं अंगना म शिक्षा प्रभारी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित किए। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला समन्वयक प्रथम एजुकेशन फाऊंडेशन की अंजली चंद्रवंशी ने सहयोग दिया, जिला मिशन समन्वयक तथा सहायक जिला परियोजना समन्वयक उपस्थित हुए उनके द्वारा कार्यक्रम के संबंध में जानकारी प्रदान की गई, प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## वनांचल ग्राम सरईसेत में कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए एसपी

### आयोजन समिति को 10 हजार रुपए सहयोग के रूप प्रदान किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया थाना अंतर्गत वनांचल क्षेत्र ग्राम सरईसेत में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव शामिल हुए। ग्राम सरईसेत पहुंचने पर हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक श्री पल्लव का कलश यात्रा निकालकर व बैंड बाजा के साथ पारंपरिक तरीके से आत्मीय स्वागत किया।

उन्होंने आयोजन समिति को 10 हजार रूपए सहयोग के रूप प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक ने सभी उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद भी किया इस अवसर पर डीएसपी एवं पंडरिया थाना प्रभारी अमृता पैकरा उपस्थित थें। एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने उपस्थित ग्रामीणों, युवाओं को कबड्डी खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि कबड्डी खेल का शुरूआत भारत से ही हुआ है, यह खेल अब पूरे विश्व में प्रसारित हो चुका है।

कबड्डी एक ऐसा खेल है जिसमें कई मिश्रित खेल है, इसमें रेसलिंग, रग्बी आदि खेलों का मिश्रण देखने को मिलता है। कबड्डी खिलाड़ी काफी चुस्त-फुर्तीला होते है और कदमों का बखूबी इस्तेमाल करते है। ये जबरदस्त खेल भी है और दूसरी तरफ कई कसरतों का मेल भी है। समय के साथ इस खेल का बहुत विकास हुआ है। आज ये खेल देश, विदेश और सब जगह गांव-गांव, शहरों में भी फैलता जा रहा है।

#### खेल के साथ-साथ पढाई भी महत्वपूर्ण है: श्री पल्लव

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने कहा कि खेल के साथ-साथ पढाई भी महत्वपूर्ण है। दोनों में ध्यान देना है, किसी भी प्रकार के नशा, मद्यपान का सेवन ना करे। मोबाइल का कम उपयोग करें। खिलाड़ी खेल एवं पढाई में ज्यादा ध्यान दे उन्होंने यातायात नियमों का पालन के संबंध में विस्तार से बताया।

#### देश सेवा करने का सुनहरा मौका

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्तमान में लगभग 6 हजार पुलिस की भर्ती निकाली गई है। उन्होंने कहा कि यहां जो बैठे खिलाडियों में यह दिखाई दे रहा है, यह खिलाड़ी पुलिस फोर्स में भर्ती होकर देश एवं जिला का सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्राउंड, फिजिकल और लिखित परीक्षा की तैयारी कबीरधाम पुलिस द्वारा कराई जा रही है। आप लोग अधिक से अधिक संख्या में पुलिस परीक्षा की तैयारी संबंधी लाभ ले सकते हैं।

## भागवत मृत्यु के भय को समाप्त कर अमृतत्व प्रदान करती है: पं आनंद उपाध्याय



■ श्रीमद्भागवत कथा सुनकर भक्तजन अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्रीशिव विहार कॉलोनी में महिला मित्र मंडली व समस्त भक्तगण श्रीशिव विहार कॉलोनी द्वारा आयोजित की जा रही है। जिसमें श्रीमद्भागवत कथा में जगद्गुरू शंकराचार्य के कृपापात्र शिष्य एवं गंगा सेवा अभियानम के प्रांतीय सह-समन्वयक एवं जगद्गुरू शंकराचार्य द्वारा सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार व संरक्षण के लिए स्थापित परमधर्मसंसद 1008 के धर्मान्सद पं आनंद उपाध्याय भागवताचार्य भक्तजनों को कथा रसपान कराया जा रहा है। जिसमे पं श्री उपाध्याय ने कहा कि मुझे भागवत कथा कहने का ये जो प्रसाद मिल है वह पूर्वाम्नाय गोवर्द्धमन पुरी पीठाधीष्वर जगद्गुरू शंकराचार्य अनंतश्रीविभूषित स्वामी निष्चलानंद सरस्वती महाराज की कृपा से प्राप्त हुआ है मैं उनका ऋणी हूं, आभारी हूं उनके चरणों में नमन है वंदन है।

जिसमे भागवत महापुराण का श्रवण कर रहे है सभी व्यक्ति काल के ग्रास बन रहे हैं यह संसार है इसकी सबसे बड़ी समस्या यही है कि यहां व्यक्ति आता है और चला जाता है अर्थात यह संसार नाशवान है जहां जीवन का कोई भरोसा नहीं है। मृत्यु ही संसार का सबसे बड़ा त्रास है जिसका कोई उपाय नही है उससे रक्षा का माध्याम है भागवत महापुराण। भागवत मे मृत्यु को जीतने की विधा बताई गई है, मृत्यु दो प्रकार की होती है एक सामान्य मृत्यु होती है दूसरी है योगियों की मृत्यु जैसे भगवान एकांत मे अपनी इच्छा से अपने श्री विग्रह का त्याग किया। मृत्यु सबको आती है इससे बचा नही जा सकता पर कैसे मरना चाहिए ये भागवत की कथा से पता चलता है। व्यक्ति को सविधि भागवत कथा जरूर सुनना चाहिए, क्योकि भागवत महापुराण मृत्यु के भय को समाप्त कर देती है मुक्त कर देती है। भगवान के प्रति पूर्ण समर्पण होना चाहिए तब भगवान मिलते हैं। हमारी रक्षा करते है। जैसे द्रोपदी की रक्षा भगवान तब करते है जब द्रोपदी भगवान पर पूर्ण भरोसा करती है। भागवत महापुराण से विद्वानो कि परीक्षा होती है एकादष और द्वादष स्कंध भागवत का सार है। जिस प्रकार एक कोयला जिसमे आग होती है उससे जुडकर दूसरे कोयले भी आग व तेज से सम्पन्न हो जाते है। उसी प्रकार जिसके मन मे भगवान होते है उससे जुड़ने से लोग भागवान को पा सकते है। भागवत की कथा भगवान को पाने के लिए कहना चाहिए।

इस कथा का उत्तम अधिकारी वही है जिसके मन मे वैराग्य है और जो अर्थ या लाभ के लिए कथा नही कहते। जो भागवत की कथा भक्ति, मुक्ति, विरक्ति व भगवत्प्रबोध, की प्राप्ति के लिए कथा कहते हैं। वे सतपात्र वक्ता हैं। जिनके मन मे भागवत का अर्थ प्रगट हो गया है वह सही अधिकारी है ऐसे वक्ता के मुख से कथा सुनने से भगवान की कृपा व षक्ति मन मे प्रवेश करती है जिससे हमारा मन भगवान के लायक बन जाता है और जीवन भगवानमय हो जाता है। जिसमें कॉलोनी वासियों की भारी भीड़ उमड़ी।

### विकास संघर्ष समिति ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपाकर पुनः झिरना महोत्सव प्रारंभ करने मांग की



**हरिभूमि बरबसपुर।** प्रतिवर्षानुसार की भांति वर्ष ग्राम झिरना पिपरिया में माघी पुन्नी के अवसर पर मेला महोत्सव आयोजित किया जाता है यह मेला सैकड़ों वर्ष पुराना है। इस मेले का इंतजार शहर सहित क्षेत्र के ग्रामीणों को वर्षो से रहता है, प्राचीन धार्मिक स्थल होने के कारण इसका महत्व और बढ़ जाता है। यहां दूर-दूराज से लोग विश्व प्रसिद्ध केवड़े के वृक्षों व मां नर्मदा कुंड के दर्शन करने पहुंचते है। पर्यटन स्थल घोषित होने से यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उड़ती है। पर्यटन स्थल ग्राम झिरना सिर्फ नाम का पर्यटन स्थल घोषित हुआ है यहां पर्यटन स्थल में पर्यटन स्थल के अनुरूप जो सुविधाएं मिलनी चाहिए वो सुविधाएं नहीं मिल पा रहे है, जो जिम्मेदारों की लापरवाही को उजागर करता है जब तक ग्राम झिरना नगर पंचायत पिपरिया में नही जुड़ेगा तब तक पर्यटन स्थल झिरना का विकास नही होगा। वहीं आगामी मेला महोत्सव को देखते हुए पिपरिया विकास संघर्ष समिति द्वारा तहसीलदार पिपरिया को कलेक्टर के नाम झिरना पिपरिया महोत्सव को पुनः प्रारंभ कराने एवं सुविधाओं में विस्तार करने ज्ञापन सौंपकर मांग की गई। जिससे झिरना की भव्यता पुनः स्थापित हो सकें। पिपरिया तहसीलदार ने उचित निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान पिपरिया विकास संघर्ष समिति सदस्य जिसमें कमलकांत गुप्ता, विमल कुंभकार, दीपक साहू, आनंद कुंभकार, टिकेश्वर कोशले, विष्णु छिपा व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## हिन्दी विषय मे शिक्षक पद पर पदोन्नति, पदस्थापना संशोधन मामले में वेतन भुगतान, पीटीआई के पदोन्नति शीघ्र करने मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का दुर्ग संभाग का संभागीय प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग प्रभारी विनोद गुप्ता के नेतृत्व में लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा तथा शिक्षा संभाग दुर्ग के संयुक्त संचालक गिरधर कुमार मरकाम से मुलाकात की। संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा संभाग दुर्ग के संचालक गिरधर कुमार मरकाम से हिंदी विषय के सहायक शिक्षकों की पदोन्नति उपरांत शिक्षक पद पर पदस्थापना, व्यायाम शिक्षकों की पदोन्नति तथा सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर पदोन्नति पश्चात पदस्थापना में संशोधन निरस्त होने से पीड़ित शिक्षकों के चार माह का लंबित वेतन भुगतान अति शीघ्र करने की मांग संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा रखी गई। जिस पर संयुक्त संचालक द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन मिलने तक उपरोक्त मांगों के संबंध में अपनी असमर्थता जताई। जिससे संघ का प्रतिनिधि मंडल लोक शिक्षण संचालनालय की संचालक श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा से मुलाकात कर उपरोक्त सभी प्रकरणों में शिक्षा संभाग दुर्ग सहित अन्य संभागों को दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन अतिशीघ्र प्रेषित करने की मांग की। साथ ही उपरोक्त प्रकरणों में शिक्षकों को हो रही समस्याओं एवं नुकसान से भी संचालक को अवगत कराया। संचालक ने जल्द ही दुर्ग शिक्षा संभाग सहित सभी संभागों को इस विषय में दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन भेजने का भरोसा दिलाया है। संचालक और संयुक्त संचालक से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल जिसमें प्रदेश महामंत्री ओमप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश सहसचिव आयुष पिल्ले, दुर्ग जिला उपाध्यक्ष कमल वैष्णव, कमल साहू, रेखलाल साहू, लालाराम धुर्वे, नारद साहू, रूपेश देवांगन, राजेश साहू शामिल थें।



Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
9406004581
7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सायटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## हड़ताल: ज्ञापन सौंपकर किया स्टेयरिंग छोड़ो आंदोलन का ऐलान

# हिट एण्ड रन कानून को लेकर वाहन चालक फिर लामबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एण्ड रन कानून के विरोध में और इस कानून को केन्द्र सरकार द्वारा वापस लिए जाने की मांग को लेकर साल की पहली तारीख एक जनवरी से 3 जनवरी तक अखिल भारतीय वाहन चालक संघ के आव्हान पर छत्तीसगढ़ राज्य सहित कबीरधाम जिले के वाहन चालकों द्वारा की गई तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल के बाद अब एक बार फिर छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन के आव्हान पर जिला ईकाई कबीरधाम ने 9 जनवरी से हिट एण्ड रन कानून को समाप्त करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन ईकाई कबीरधाम ने अपनी इस अनिश्चितकालीन हड़ताल की लिखति सूचना बकायदा कलेक्टर को भी एक ज्ञापन सौंपकर दे दी है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन जिला ईकाई कबीरधाम के पदाधिकारियों ने जारी बयान में कहा कि पिछले साल मतलब दिसम्बर 2023 में केंद्र सरकार ने भारतीय न्याय संहिता के तहत नया हिट एंड रन कानून पारित किया था। ऐसे सड़क दुर्घटना मामलों पर यह विशिष्ट नियम कहता है कि अगर चालक सड़क दुर्घटना के बाद पुलिस को सड़क दुर्घटना की सूचना दिए बिना मौके से भाग जाता है, तो उसे 10 साल की जेल और 7 लाख रुपए का जुर्माना भुगतना होगा। नए नियम निजी वाहन मालिकों पर भी लागू होते हैं। विरोध कर रहे ट्रक चालकों का कहना है कि नए कानून के प्रावधान बहुत सख्त हैं। जिससे उन्हें अब वाहन चलाने में ही डर लगने लगा है यही वजह है कि अब पूरे प्रदेश के वाहन चालकों और विशेष कर यात्री बस चालकों ने छत्तीसगढ़ ड्रायवर महासंगठन के आव्हान पर स्टैयरिंग छोड़ो आंदोलन का ऐलान कर, पारित कानून का विरोध किए जाने का निर्णय लिया है। अपने इस विरोध प्रदर्शन के तहत सभी वाहन चालक स्टेयरिंग छोड़कर शांतिपूर्ण ठंग से एक स्थान पर धरना प्रदर्शन करेंगे और दूसरे राज्यों से आने वाले वाहन चालकों से भी इस कानून को लेकर चर्चा करेंगे। इसके अलावा संगठन पदाधिकारियों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही शासन ने अगर इस कानून को वापस नहीं लिया या इनके प्रावधानो को शिथिल नहीं किया तो आने वाले दिनो में उग्र आंदोलन भी किया जा सकता है। बहरहाल वाहन चालकों का यह निर्णय एक बार फिर लोगों के लिए समस्या खड़ी करने वाली है।

### अन्य व्यवस्थाओं पर भी पड़ सकता है असर



वाहन चालकों की इस अनिश्चितकालीन हड़ताल का असर पहले दिन तो सिर्फ यात्री बसों की सेवाओं पर ही देखने को मिला है। लेकिन माना जा रहा है कि अगर इस हड़ताल में जिले व प्रदेश के दूसरे वाहन चालक भी शामिल होते हैं तो निश्चित रूप से पूरी व्यवस्था पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ सकता है और एक बार फिर लोगों के सामने गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती है। जिसे देखते हुए लोगों ने भी शासन, प्रशासन से मांग की है कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए समस्या का स्थाई समाधान जल्द से जल्द कराया जाए।

### अंचल के यात्रियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

केन्द्र सरकार के हिट एण्ड रन कानून के विरोध में पुनः बस चालकों सहित दूसरे वाहन चालकों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से सबसे ज्यादा बस यात्रियों को भुगतने पड़ेगी। क्योंकि अगर कवर्धा जिले की बात की जाए तो कवर्धा जिला मुख्यालय से प्रतिदिन, कवर्धा से रायपुर, कवर्धा से बिलासपुर, कवर्धा से राजनागदांव, कवर्धा से दुर्ग, कवर्धा से नागुपर, कवर्धा से लखनऊ, कवर्धा से जबलपुर सहित अन्य मार्गों में दर्जनों की संख्या में यात्री बसों का संचालन होता है और इन बसों में हजारों की संख्या में प्रतिदिन यात्री अपने गंतव्य की यात्रा करते हैं। इनमें से कई यात्री तो प्रतिदिन यात्रा करने वाले होते हैं जिनमें शासकीय, गैर शासकीय कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारी, स्कूल, कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी, जिले के अलग-अलग स्थानो के व्यवसायी, दुकानदार आदि शामिल है। ऐसे में यात्री बसों के अनिश्चितकाल के लिए नहीं चलने से एक बार फिर यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# दुल्लापुर मंडल में भाजपा की आभार रैली से भावनामय नजर आया वनांचल

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

पंडरिया विधानसभा में अपनी शानदार जीत के बाद अंचल वासियों के प्रति आभार व्यक्त करने आई नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती भावना बोहरा का लोगों ने पलक पांवड़े बिछाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। गौरतलब है कि कल भाजपा मंडल दुल्लापुर (बाजार) के अंतर्गत आने वाले कापादह, दुल्लापुर, खैरडोंगरी, छीरपानी, झिंगराडोंगरी, कोदवागोडान एवं सरईसेत में विधायक श्रीमती बोहरा ने आभार रैली के तहत मतदाताओं से सघन जनसंपर्क करते हुए अपनी जीत के लिए लोगों से आभार व्यक्त किया।



विधायक चुने जाने के बाद अंचल में प्रथम बार आयी श्रीमती बोहरा का लोगों ने अभूतपूर्व स्वागत करते हुए उनके प्रति अपना स्नेह भी प्रदर्शित किया। सभी गांवों में बाजे गाजे और आतिस बाड़ी के बीच जहां महिलाओं ने तिलक, आरती और फूलमालाओं से उनका स्वागत किया वहीं पुरुषों ने पुष्पगुच्छों और करतलध्वनि के साथ अभिनन्दन किया!अपने प्रति लोगों का ऐसा स्नेह और जनभावनाओं का ज्वार देखकर स्वयं भावना बोहरा भी बार बार भावुक होती रही। अपने सम्बोधनों में विधायक ने मतदाताओं के प्रति कृतज्ञता करते हुए क्षेत्र के विकास और जनता की खुशहाली के लिए समर्पित होकर कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के माध्यम से अपने क्षेत्र के चहुमुंखी विकास के लिए हर सम्भव प्रयास करूंगी। श्रीमती बोहरा ने ग्रामीण महिलाओं को भी भरोसा दिलाया कि उनके द्वारा शराब, जुआ और सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों को कभी संरक्षण नहीं दिया जाएगा। उन्होंने ऐसे असामाजिक और अवैधानिक कार्यों में लिप्त लोगों से भी अपील करते हुए कहा कि अब ऐसे लोग आज से ही अपना धंधा बंद कर दें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुखदेव धुर्वे, शिवनंदन पांडेय, राजेन्द्र साकत, सरपंच सरोज धुर्वे, कलेश राठौर, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमन ठाकुर, दिलीप पटेल, चंद्रकिशोर प्रजापति, सुदर्शन कुम्भकार, जनपद सदस्य दीपा धुर्वे, राधेलाल साहू, हीरालाल यादव के अलावा पंडरिया से आए नवलकिशोर पांडेय, सांसद प्रतिनिधि रितेश सिंह, नंदिघोष पाठक, महामंत्री अनुराग ठाकुर, यशपाल छबड़ा, अजीतपाल छाबड़ा, सुमित तिवारी,बाबा तिवारी, एमडी गुप्ता, सहित क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता और काफी बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### अग्निवीर बनकर देश सेवा करने का मौका

**कवर्धा।** भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश सेवा करने के इच्छुक युवाओं के लिए सेना द्वारा माह फरवरी 2024 के मध्य तक अधिसूचना जारी होने की संभावना है, जो भारतीय सेना की पर उपलब्ध होगी। ऐसे छत्तीसगढ़ के युवा जो अग्निवीर बनने के इच्छुक है, उन्हें भर्ती रैली के पूर्व भारतीय सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा सलाह दी गई है कि सेना के बेवसाईट पर स्वयं का यूजर आईडी (प्रोफाईल) और पासवर्ड बनाकर तैयार रखें, ताकि ऑनलाईन पंजीकरण में ज्यादा समय एवं पंजीकरण में समस्या ना हो। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार किसी भी स्पष्टीकरण एवं सहायता के लिए शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर के दूरभाष पर संपर्क कर सकते है।

### रानीदेहरा में विश्राम गृह बनाने की मांग

**कवर्धा।** लायंस क्लब के संरक्षक एवं जिला उपभोक्ता फोरम के सदस्य प्रेमचंद जैन श्रीश्रीमाल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र भेजकर जिले के पर्यटन स्थल रानीदेहरा जलप्रपात के समीप विश्राम गृह निर्माण करने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि रानीदेहरा जलप्रपात एक प्रमुख पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है। हर वर्ष यहाँ बड़ी तादाद में पर्यटक आते हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल होती हैं। अतः यहां एक अच्छे विश्राम गृह की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसके अलावा उन्होंने अपने पत्र में सरोधा बांध में भी विश्राम गृह बनाने, चिल्फी से पीढाघाट तक पक्की सड़क बनाने तथा राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल सरोधा दादर की सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर 25 फुट तक करने की मांग भी की है।

### अनुपयोगी साबित हो रहे गांव में बने शौचालय

**बरबसपुर।** पूरे प्रदेश में स्वच्छ भारत मिशन व स्वच्छता के तहत कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बरबसपुर में जिले में स्वच्छ भारत मिशन द्वारा शौच मुक्त घोषित करने के लिए घरों-घर 12 हजार रूपए का अनुदान राशि देकर घरों-घर शौचालय का निर्माण कराया गया और ओडिएफ घोषित कराया गया। लेकिन वर्तमान स्थिति में शौचालय पूरी तरह जर्जर व बदहाल हो चुके हैं।

# नपा कवर्धा के कांग्रेस पार्षदों ने भाजपा पर किया पलटवार, कहा उल्टा चोर कोतवाल को डांटे

- लगाया आरोप नपा की अव्यवस्था के लिए भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका पारिषद कवर्धा की मौजूदा स्थिति और व्यवस्था के लिए कांग्रेस पार्षदों को दोषी ठहराने संबंधी आरोपों का कांग्रेसी पार्षदों ने एक स्वर में खण्डन किया है और भाजपा के आरोपों पर पलटवार करते हुए इसे उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की संज्ञा दी है। दरअसल बीते सोमवार को शहर भाजपा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया था कि नगर पालिका में कांग्रेस पार्षदों के बीच कमीशनखोरी को लेकर मचे घमाशान की विपरीत असर नगर पालिका की व्यवस्था पर पड़ रहा है। स्थिति ये है कि नगर पालिका में न तो आम जनो की शिकवा शिकायतों का निराकरण हो पा रहा है और न ही उनके काम हो पा रहे हैं यहां तक की नगर पालिका के कर्मचारियों को बीते दो माह से वेतन का भुगतान तक नहीं हो पा रहा है। जिसके लिए नगर पालिका के कांग्रेस पार्षद जिम्मेदार है। उन्होने इस विषय को लेकर नगर पालिका के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर व्यवस्था सुधार की मांग की थी। लेकिन मंगलवार को कांग्रेस के पार्षदों ने एक बयान जारी कर शहर भाजपा के इन आरोपों को निराधार बताया है और इसका विरोध किया है। नगर पालिका में कांग्रेस समर्पित उपाध्यक्ष जमील खान, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद अशोक सिंह, पार्षद उत्तम गोप, पार्षद जरनकी जायसवाल, पार्षद सुशीला धुर्वे, पार्षद भारती सहित अन्य पार्षदों ने बताया कि भाजपा के आरोप उल्टा चोर कोतवाल को डांटे जैसा है। प्रदेश में भाजपा की सरकार है और कवर्धा नगर पालिका इस समय अध्यक्ष विहीन है। जबकि नियमानुसार अध्यक्ष द्वारा पद छोडऩे पर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के नहीं रहने पर किसी वरिष्ठ पार्षद को इस पद की जिम्मेदारी देकर नगर पालिका के कार्यो का संपादन कराया जाता है लेकिन अभी तक शासन, प्रशासन और नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होने आरोप लगा कि नगर पालिका की इस अव्यवस्था के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। जो अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए नगर पालिका को अध्यक्ष विहीन रखे हुए है।

# सड़क मरम्मत के नाम पर की जा रही है थूक पालिश का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई कुकदुर



जिले के विाकसखण्ड पंडरिया के ग्रामीण एवं वनांचल ईलाकों में हाल के वर्षो और महिनो में सड़क निर्माण से जुड़ी विभिन्न कार्य ऐजेंसियों द्वारा अपने चहेते ठेकेदारों के माध्यम से करोड़ों की लागत से निर्मित कराई गई सड़कें, निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितता व घटिया निर्माण के चलते अपनी निर्धारित मियाद के पूर्व ही खस्ताहाल व जर्जर हो रही है। स्थिति ये है कि कहीं सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं तो कहीं सड़कें उखड़ रही है तो कही सड़कों का डामर गायब हो रहा है। जिनकी मरम्मत की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा लगातार शासन, प्रशासन तथा संबंधित विभाग से की जा रही है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि इस मांग पर संबंधित विभाग के ठेकेदारों द्वारा जिस ठंग से मरम्मत कार्य किया जा रहा है वह थूक पालिश से कम नहीं है। विकासखण्ड पंडरिया के वनवासियों ने बताया कि ग्राम कुई से अमेरा, दमगढ़, उपका, महीडबरा तक निर्मित कराई गई प्रधानमंत्री सड़क की सड़क में निर्माण के बाद जगह- जगह गड्ढा हो गया था। जिसकी मरम्मत की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की गई थी। लेकिन संबंधितों द्वारा मरम्मत के नाम पर गड्ढों में सिर्फ बारिक गिट्टी डालकर गड्ढों को पाटा जा रहा है। डामर आदि का अता पता नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि अगर मरम्मत कार्य करना ही है तो इसे सही ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होने शासन, प्रशासन से इस मरम्मत कार्य की जांच कराए जाने तथा कार्य को सही ढंग से कराए जाने की मांग की है।

### बाल विवाह रोकने अभियान जारी



**कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम ने ग्राम पंचायत बिरकोना में जाकर ग्रामीण एवं स्कूली बच्चों के साथ मिलकर बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री सत्यनारायण राठौर ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के बारे में बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम सर्वप्रथम 1929 में लाया गया इसके बाद 1949, 1978 और इसके बाद 2006 में संशोधन किए गए इसके अनुसार किसी लड़के या लड़की की शादी 18 वर्ष की उम्र से पहले होना बाल विवाह कहलाता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत शादी के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष और लड़के का उम्र 21 वर्ष होनी चाहिए। परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है, ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतू, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं।

# बाबा गुरु घासीदास ने सत्य के मार्ग पर चलने का दिया संदेशः सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय पंडरिया ब्लाक अंतर्गत ग्राम नरसिंहपुर में आयोजित संत बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांसद संतोष पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने जैतखाम व बाबा गुरु घासीदास जी की तैलचित्र की पूजा-अर्चना की। सांसद पांडेय ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर भेदभाव को दूर करने की बात कही है। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा व एकता बनाए रखना है। इसके पूर्व ग्रामीणों ने सांसद पांडेय का अभूतपूर्व स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक साहू, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष प्रज्ञेश तिवारी, पूर्व जनपद सदस्य तिवारी साहू, पूर्व जनपद सदस्य राजकुमार यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित भास्कर, भोरमदेव शक़्कर कारखाना के सांसद प्रतिनिधि जयराम साहू, जनपद सदस्य प्रतिनिधि फलित साहू, अन्य पदाधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

### धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव



**पंडरिया।** नगर के सनराइज पब्लिक स्कूल में गत दिनो वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अतिथि के रूप में डीएसपी अमृता पैकरा एवं प्राचार्य एनके एक्का शामिल हुए। कार्यक्रम तय समय 12.30 से प्रारंभ हो गया था। जिसमें नन्हे बच्चों द्वारा बहुत ही आकर्षक मनमोहक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । जिसे देखकर बच्चों के साथ पालक भी झूमते नजर आए। कार्यक्रम में ज्याद तर सामाजिक, संस्कृतिक कार्यक्रम में नवदुर्गा, तानाजी, नशा मुक्ति अभियान,पालक के प्रति बच्चों का सम्मान, श्री राम जी के लिए भक्ति, पंथी नृत्य, राउत नाचा, छत्तीसगढ़ी कला नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्राचार्य के गिरी ने बताया कि कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा। नगरवासियों ने भी कार्यक्रम का बहुत ही लुफ्त उठाया एवं नगर के सभी गणयमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह कार्यक्रम विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सभी बच्चों के सहयोग से संपन्न हुआ।

## विधायक का छात्रावासी विद्यार्थियों ने किया पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत

# विधायक भावना बोहरा ने वनवासी छात्रावास में बच्चों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवगोड़ान



पंडरिया क्षेत्र की नवनिर्वाचित विधायक एवं समाजसेविका श्रीमती भावना बोहरा का अपने बेहद व्यस्त कायक्रमों बीच सोमवार की शाम लगभग 7 बजे दीनदयाल छात्रावास कोदवागोडान में आगमन हुआ। इस अवसर पर छात्रावास अधीक्षक रविनन्दन पांडेय, सुनील सिंह, चैतराम धुर्वे, अनिल लोनिया एवं देवेन्द्र साकत ने उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर हार्दिक स्वागत किया। विधायक के साथ उनके निज सहायक नंदिघोष पाठक के अलावा पंडरिया भाजपा के वरिष्ठ जनों में नवल किशोर पांडेय, रितेश सिंह ठाकुर, मंडल महामंत्री अनुराग सिंह, यशपाल सिंह छाबड़ा, तेजपाल सिंह छाबड़ा, सुमित तिवारी, बाबा तिवारी, एमडी गुप्ता और दुल्लापुर मंडल अध्यक्ष सुखदेव धुर्वे भी उपस्थित थे। चाय के बीच चर्चा के दौरान उन्हें दीनदयाल वनवासी सेवा समिति द्वारा विगत 40 वर्षों से वनांचलों में संचालित किए जा रहे विभिन्न सेवा प्रकल्पों के बारे में जानकारी दी गई और उनसे केंद्रीय हाल के छत नवीनीकरण के अलावा बच्चों के लिए शौचालय व स्नानागार निर्माण हेतु आर्थिक सहायता का निवेदन भी किया गया। जिस पर उनकी ओर से सकारात्मक उत्तर मिला है। उन्होंने छात्रावासी वनवासी बच्चों के साथ दरी में बैठकर विस्तार से बातचीत की और उनके लिए शीघ्र ही खेल सामग्री देने की बात कही। श्रीमती बोहरा ने बताया कि आज यहां आकर उन्हें बहुत ही अच्छा लग रहा है और आगे जब भी इस क्षेत्र में उनका प्रवास होगा वे यहां कुछ समय के लिए अवश्य आएंगी। श्रीमती बोहरा ने कहा कि संस्था के सेवा कार्यों के लिए उनकी ओर से जो भी सम्भव होगा वे अवश्य सहयोग करती रहेंगी।

# बेटियों को सिखाए गए आत्मरक्षा के गुर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं के सुरक्षा-बचाव एवं सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत 09 से 13 जनवरी 2024 तक शासकीय राजमाता विजियाराजे सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा में आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। सीईओ श्री अग्रवाल कहा कि बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना आज के समय की तत्कालीन जरुरत है, क्योकि देश एवं समाज में बालिकाओं की रक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण के बिना, विकास की किसी भी कीमत पर संभव नही है। महिलाएं देश की लगभग आधी जनसंख्या को अधिकृत करती है, इसलिए उनकी रक्षा, शिक्षा और सशक्तिकरण की नितांत आवश्यकता है। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना बालिकाओं के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योजना है, यह योजना तभी सफल हो सकती है जब ये हमारे द्वारा समर्थित हों। बिटियों की सर्वांगीण विकास और आत्मसम्मान की सुरक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी आनंद तिवारी एवं सीएल भुआर्य के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में आयोजित किया गया। संरक्षण अधिकारी सुश्री नितिका डड़सेना ने महिला एवं बाल विकास विभाग के चल रहे योजना के बारे में अवगत कराया।